www.epaper.azadsipahi.in

14 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 56

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

हेमंत और कल्पना ने बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना



# विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में श्री धनेश्वर साहू वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन





विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में हाय रे हमर सोना झारखंड नागपुरी गीत पर थिरकते बच्चे



19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक सिसोदिया को मोमेंटो देकर सम्मानित करते विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के संस्थापक सुरेश साहू और प्रधानाध्यापिका विद्या रानी

## कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक सिसोदिया ने बच्चों को मेडल देकर किया सम्मानित










सुरेश साहू
संस्थापक
विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल

बच्चों को प्रोत्साहित करते ऑफिसर कर्नल दीपक सिसोदिया







पिस्का नगड़ी प्रखंड के कतरपा स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्री धनेश्वर साहू वार्षिक खेल महोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक सिसोदिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा बच्चों को पढाई के साथ में अपना भविष्य खोजना चाहिए। कर्नल की उपस्थिति में कैडेटों द्वारा एनसीसी परेड किया गया। महोत्सव में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल में विजेता सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। संपूर्ण खेल में प्रथम नेहरू हाउस, द्वितीय गाधी अब्दुल कलाम विजेता रहा। विजेता हाउस को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि, अतिथि तपेश्वर केसरी, केशव भगत, स्कूल निदेशक सुरेश साहू, ट्रस्टी किरण देवी, प्रधानाध्यापिका विद्या रानी, मैनेजर प्रकाश साहू, रामलाल गोप, संजय मिंज सहित अभिभावक गण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।






प्रकाश साहू
प्रबंध निदेशक

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# नक्सल विरोध के नाम पर हिंसा की आग में जल रहा कोल्हान

## गुदरी इलाके के ग्रामीणों ने अब तक आधा दर्जन लोगों को उतारा मौत के घाट

## पुलिस प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद थम नहीं रही हैं हिंसक घटनाएं

## स्थिति पर जल्द नियंत्रण नहीं हुआ, तो विस्फोटक हो सकती है गांवों की स्थिति

झारखंड का कोल्हान क्षेत्र राजनीतिक रूप से जितना संवेदनशील है, प्रशासनिक दृष्टिकोण से उतना ही दुरूह। जमशेदपुर जैसा औद्योगिक शहर इस इलाके में होने के बावजूद कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों में घने जंगल और पहाड़ हैं, जो स्वाभाविक रूप से आदिवासियों के घर हैं। इन जंगलों की भीतर पाये जानेवाले बेशकीमती खनिजों की वजह से यहां अक्सर आदिवासियों को अशांत किया जाता है। औद्योगिक कंपनियों की मनमर्जी के अलावा नक्सलियों की धमक ने कोल्हान इलाके को एक ऐसे इलाके में बदल कर रख दिया है, जहां अब कोई किसी पर विश्वास नहीं करता। यही वजह कोल्हान को प्रशासनिक दृष्टिकोण से दुरूह बनाता है। यहां अक्सर ग्रामीणों और नक्सलियों के बीच संघर्ष होता रहता है। अपने उग्र प्रतिरोध के लिए चर्चित कोल्हान के आदिवासी अक्सर नक्सलियों के खिलाफ हथियार उठाते रहे हैं और इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। पिछले एक सप्ताह से चाइबासा का गुदरी इलाका ग्रामीणों के सेंदरा अभियान के कारण हिंसा की आग में जल रहा है। ग्रामीणों ने अब तक दो नक्सलियों के अलावा पांच निर्दोष लोगों की हत्या कर दी है, जिन्हें वे नक्सली मानते थे। पुलिस प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद हिंसा का दौर थम नहीं रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोल्हान के आदिवासियों को हथियार उठाने के लिए कौन उकसा रहा है और पुलिस प्रशासन उन्हें समझाने में सफल क्यों नहीं हो रहा है। चाइबासा का गुदरी इलाका आज अशांत है और लोग वहां जाने से भी डर रहे हैं। यह झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं है। क्या है चाइबासा के गुदरी इलाके की पूरी कहानी और क्या हैं कारण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

**झारखंड** का कोल्हान इलाका इन दिनों एक बार फिर चर्चा में है। इस चर्चा का कारण चाइबासा के गुदरी इलाके में ग्रामीणों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा हथियारबंद आंदोलन है, जिसमें अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। गुदरी-गोइलकेरा के गांवों में इन दिनों माहौल बेहद तनावपूर्ण है। कहने को तो यह आंदोलन नक्सलियों के खिलाफ है, लेकिन इसकी चपेट में निर्दोष लोग भी आने लगे हैं। इलाके के दर्जनों गांवों के हजारों लोग तीर-धनुष लेकर अभियान चला रहे हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को देखते ही वे उसे नक्सली मान लेते हैं और जन अदालत लगा कर हत्या कर देते हैं। आंदोलन की शुरूआत करीब 15 दिन पहले हुई, जब प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। इसके अलावा नक्सलियों की बढ़ती गतिविधियों से आम तौर पर शांतिप्रिय आदिवासी तंग हो गये। नक्सलियों की हिंसा और इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीएलएफआइ के कमांडर मेटा टाइगर और उसके एक सहयोगी का सेंदरा, यानी पीट-पीट कर हत्या कर दी। जनजातीय समाज में सेंदरा का अर्थ शिकार करना है। इसके बाद ग्रामीण हथियारबंद होकर इलाके में घूमने लगे और किसी भी बाहरी व्यक्ति को देखते ही उसकी जान लेने पर उतारू हो गये। इसकी चपेट में पहले बिहार के दो युवक आये, जो अपने कारोबार के सिलसिले में वहां गये थे। फिर ओड़िशा के मयूरभंज जिले के तीन मवेशी कारोबारी भी यहां के ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गये और उनकी भी हत्या कर दी गयी।

### डुमरिया के लांगो की घटना की याद ताजा हो गयी

चाइबासा के गुदरी इलाके में हो रही घटना ने डुमरिया के लांगो की घटना की याद ताजा कर दी है। पूर्वी सिंहभूम, यानी जमशेदपुर के डुमरिया इलाके के गांव में आठ अगस्त 2003 को ग्रामीणों ने नक्सलियों के खिलाफ प्रतिशोध दिखाया था। यह प्रतिशोध भारत के इतिहास में नक्सलियों के खिलाफ पहली घटना थी। यह दिन नक्सलियों के लिए भी एक काला दिन था, जिसे वे आज भी भूल नहीं पाये हैं। नक्सलियों के आतंक से लांगो गांव काफी त्रस्त था। आये दिन नक्सली ग्रामीणों को मारपीट कर जबरन भोजन करते थे। संपन्न लोगों से लेवी वसूलते थे। जन अदालत लगाकर निर्दोषों को भी बेरहमी से सजा देते थे। हद तो तब हो गयी, जब नक्सलियों ने ग्रामीणों को खेती करने से ही मना कर दिया था। चेतावनी दी थी कि अगर किसी ने खेती करने की कोशिश की, तो उसे जान से हाथ धोना पड़ेगा। खेतों में लाल झंडे गाड़ दिये गये थे। यह बात ग्रामीणों को नागवार गुजरी। उसके बाद ग्रामीणों ने नक्सलियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय ले लिया। इसके लिए रणनीति बनी। इसमें तत्कालीन एसपी अरुण उरांव द्वारा बनायी गयी नागरिक सुरक्षा समिति ने भी साथ देने का वचन दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने योजना बनाकर नौ नक्सलियों को घेरकर सेंदरा किया था। इस घटना के बाद सरकार की ओर से इस गांव में विकास की कई घोषणाएं की गयीं। यहीं नहीं, बल्कि साहस को सलाम करने के लिए 25 युवाओं को पुलिस में सरकारी नौकरी दी गयी। उसके बाद 14 और 22 अगस्त को चार अन्य नक्सलियों को ग्रामीणों ने मार गिराया था। इस घटना के बाद नक्सली बैकफुट पर आ गये थे।



### नक्सली संगठनों ने पत्र जारी कर दी सफाई

गुदरी इलाके के ग्रामीणों के तेवर देख नक्सली संगठन पीएलएफआइ बैकफुट पर आ गया है। जिन लोगों को संगठन कल तक अपना कार्यकर्ता बताता था, अब उनकी मौत के बाद संगठन उन लोगों को चोर गिरोह का सदस्य बता रहा है। दिनेश गोप के जेल जाने के बाद पीएलएफआइ के प्रभारी मार्टिन जी ने पत्र जारी कर चाइबासा में आतंक मचाने वाले लोगों के बारे में लिखा कि वे किसी दूसरे गिरोह के लोग हैं। पुलिस को ग्रामीणों के साथ मिलकर इसकी भी जांच करनी चाहिए। मार्टिन जी ने अपने पत्र में लिखा है कि वे गुदरी के आम लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि उस इलाके में मेटा टाइगर नाम का कोई व्यक्ति संगठन में भर्ती नहीं हुआ है। उनका संगठन इस बात से इनकार करता है। जरूर कोई चोर गिरोह का व्यक्ति होगा, जो संगठन को बदनाम करने के लिए इन घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

### इलाके में फैल रही है अशांति

हकीकत चाहे कुछ भी हो, यह सच है कि इस खून-खराबे से इलाके में अशांति फैल रही है। कोल्हान का इलाका वैसे भी नक्सलियों के गढ़ के रूप में जाना जाता है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के तमाम अभियान यहां अब तक नाकाफी साबित हुए हैं। ऐसे में यदि बाहरी लोगों के प्रवेश पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस तरह की हिंसक कार्रवाई जारी रही, तो मामला बिगड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि पुलिस प्रशासन इलाके के लोगों को विश्वास में लेकर उन्हें इस तरह की हिंसक कार्रवाई से रोके। यह इलाके की शांति व्यवस्था के साथ झारखंड के भविष्य के लिए भी जरूरी है और पुलिस प्रशासन के इकबाल के लिए भी।

# ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ लोकतंत्र के लिए काला निर्णय : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली में केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में लोकतंत्र के खिलाफ काला निर्णय लिया, वो है एक देश एक चुनाव, 1950 के 26 जनवरी को जब बाबा साहब के संविधान को आत्मसात कर रहे थे तो उनके संबोधन को लोकतंत्र पसंद लोगों के कानों में वो अंतिम वाक्य गूंजता होगा, यह देश अधिनायक वादी और तानाशाही न बन जाये। उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 368 में कहा गया है, संविधान के संशोधन में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन अगर होता भी है तो दो तिहाई से पारित होना चाहिए, राज्य के तीन



चौथाई राज्यों के द्वारा होना चाहिए। लेकिन हमने जब कैबिनेट का प्रस्ताव देखने का काम किया तो उसमें तीन चौथाई तो क्या अब 50% की भी आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में कई राज्य में लेजिस्लेटिव काउंसिल है, वैसी परिस्थिति में वन नेशन वन इलेक्शन संविधान की हत्या है। बाबा साहब के भारत गणराज्य के परिकल्पना की हत्या है। आर्टिकल 333 कहता है एक सदन से दूसरा सदन 6 माह में बुलाना होगा, वो आर्टिकल भी आप समाप्त करना चाहते हैं। क्या ये संघीय ढांचा पर आघात नहीं होगा, केंद्र राज्य की हम बात करते हैं, कानून बनाने की शक्ति केंद्र और राज्य को है कुछ मामले में दोनों को है क्या वो शक्तियां समाप्त नहीं हो जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन क्या क्षेत्रीय पार्टी को समाप्त करने की साजिश नहीं है। बहुत भयानक अंधेरे की तरफ हम लोग जा रहे हैं, पूरी कार्रवाई भारत के बुनियादी सवालों से मुंह मोड़ने के लिए है, ये जो सोच है मनु स्मृति की सोच है, सत्ता श्रेष्ठता की सोच है, 2025 आरएसएस का 100 वर्ष है। आज जरूरत है जहां भी लोकतंत्र के पहरेदार हैं एकत्रित हो जायें और इस प्रस्ताव का बीजेपी के साथ की क्षेत्रीय पार्टियां भी अपना खतरा भांप कर अपने आप को अलग कर लें।

### 18 दिसंबर तक खाते में जायेगी 2500 की राशि

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना की अगली किश्त, जो 2500 रुपये की है, 18 दिसंबर तक लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि फॉर्म में कमियां पाये जाने पर उन्हें खारिज कर दिया जायेगा।

# कांग्रेस को मजबूती देने के लिए मिलकर कार्य करें: प्रदीप यादव

**कांग्रेस नेता प्रदीप यादव और राजेश कच्छप का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल के नये नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नेताओं ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने संकल्प को दोहराया। प्रदीप यादव ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के विचारों को समाज के हर वर्ग में पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। यादव ने विधायकों और नेताओं के साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करने की बात कही और विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि इमानदारी और परिश्रम से सफलता निश्चित है। उपनेता राजेश कच्छप ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदीप यादव के नेतृत्व में संसदीय कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत करने में हर संभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति सहित अन्य मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन की नीयत में खोट : बाबूलाल मरांडी

**मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से वसूली की तैयारी कर रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन की नीयत में खोट आ गयी है। चुनाव से पहले बेरोकटोक मुफ्त की



रेवड़ी की तरह मंईयां सम्मान योजना की राशि बांटने वाली हेमंत सरकार अब महिलाओं से वसूली की तैयारी कर रही है। मरांडी ने लिखा है कि विभागों को विशेष दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं कि येन केन प्रकारेण योजना का लाभ उठाने वाली महिलाओं का नाम छांटकर लाभुकों की संख्या सीमित रखी जाये। उन्होंने लिखा है कि लाभुक सत्यापन के नाम पर महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का प्रयास करने वाली हेमंत सरकार चुनाव के दौरान सभी महिलाओं को 2500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता देने का दंभ भरती थी लेकिन सरकार बनते ही हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना में कई नयी शर्तें थोप दीं हैं। मरांडी ने हेमंत सोरेन को कहा कि बिना जांच के पैसे देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो, ना कि लाभुक महिलाओं पर। साथ ही कहा कि भाजपा महिलाओं से मंईयां सम्मान योजना की राशि की वसूली नहीं होने देगी।

# झारखंड में उग्रवादी फिर से उठाने लगे सिर : रवींद्र राय

**जनता आत्म रक्षार्थ हथियार उठाने को विवश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ रवींद्र कुमार राय ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य में उग्रवादी गतिविधियां फिर से सिर उठाने लगी हैं, जिससे जनता आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने पर मजबूर हो रही है।

### भाजपा सरकार ने की थी सख्त कार्रवाई

डॉ राय ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी संगठनों पर सख्त कार्रवाई हुई थी।



उग्रवादियों ने या तो आत्मसमर्पण किया था या सुरक्षाबलों की गोलियों का शिकार हुए थे। उन्होंने कहा कि उग्रवादियों के ठिकाने ध्वस्त किये गये थे और वे झारखंड छोड़कर अन्यत्र भागने को मजबूर हो गये थे।

डॉ राय ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार के शासनकाल में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और अन्य जिलों में हुई घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि राज्य एक बार फिर जंगलराज की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को अपनी सुरक्षा के लिए रातभर जागना पड़ रहा है और उग्रवादियों से निपटने के लिए स्थानीय लोग संगठित होकर सेंदरा (आत्मरक्षा अभियान) कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है। जिसने राज्य में 24 असुरक्षित सड़कों की सार्वजनिक घोषणा की है। यह न केवल सरकार की विफलता का प्रतीक है, बल्कि यह जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है।

### उग्रवादियों की वसूली गतिविधियों में वृद्धि

डॉ राय ने कहा कि उग्रवादी बालू घाट, छोटे खनन क्षेत्रों, कोयला और पत्थर कारोबार से वसूली करने के लिए फिर से सक्रिय हो गये हैं। इससे आम जनता और व्यवसायियों में भय का माहौल है।

### कानून व्यवस्था सुधारने की मांग

उन्होंने हेमंत सरकार से मांग की कि राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये और कानून का राज स्थापित किया जाये। उन्होंने कहा कि इसे सरकार को अपनी प्राथमिकता सूची में रखना चाहिए। प्रेसवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

14 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 56




# मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंत्रियों ने शुरू की समीक्षा

■ कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और श्रम मंत्री संजय यादव ने अपने-अपने विभागों की समीक्षा की

■ हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक में समीक्षा करने समेत 17 बिंदुओं पर दिया था सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** षष्ठम विधानसभा का पहला सत्र गुरुवार को समाप्त हो गया। इसके दूसरे दिन शुक्रवार से मंत्रिगण अपने-अपने विभागों की समीक्षा शुरू कर दी है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कल्याण विभाग मंत्री चमरा लिंडा और श्रम मंत्री संजय यादव ने शुक्रवार को अपने-अपने विभागों की समीक्षा की। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर किया जा रहा है। गौरतलब है कि हेमंत सरकार मंत्रिमंडल विस्तार के बाद छह दिसंबर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा था कि सभी मंत्री अपने-अपने विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उसके गुण-दोष का अध्ययन करें। इसके अलावा अन्य 17 बिंदुओं पर परामर्श और निर्देश दिया था। जिसके तहत मंत्रियों ने सत्र सामाप्त होने के बाद एक्शन में आ गये हैं।

## अधिकारी सप्ताह में दो दिन करेंगे फील्ड विजिट: शिल्पी नेहा तिर्की

अधिकारी बंद कमरों से बाहर निकलकर धरातल पर योजनाओं की हकीकत को समझेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारी सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहेंगे। इसका उद्देश्य ग्राउंड लेबल पर विभाग की योजनाओं की हकीकत जानना है। अधिकारी विभाग के बंद कमरों से बाहर निकलकर धरातल पर योजनाओं की हकीकत को समझने का काम करेंगे। वह शुक्रवार को अपने विभाग की समीक्षा कर रही थीं। तिर्की ने कहा कि समीक्षा बैठक में विभाग के सामने चुनौतियों को चिन्हित करते हुए उसके समाधान की दिशा में बढ़ने पर चर्चा हुई है। इसके साथ ही विभागीय बजट को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वो खुले विचार से लोगों के सुझाव को ग्रहण करने की सोच को अपनाये। ग्रामीण इलाकों में जर्जर हाट बाजार को दुरुस्त करने के लिए विभाग राशि खर्च करने पर भी सहमति बनी है। विभाग की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर योजना कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया है।

## आदिवासी संस्कृति की परंपराओं पर आधारित योजनाएं बनायें: चमरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने अपने विभाग की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली सभी योजनाओं की जानकारी ली।

मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आदिवासी संस्कृति की उच्च परंपराओं पर आधारित कल्याण की योजनाएं बनायी जाये। आदिवासियों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को उच्च मानक स्तर पर पहुंचाना हमारा ध्येय होना चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण कल्याण अस्पताल, आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र और पहाड़िया स्वास्थ्य केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पहल की जाये। उन्होंने कतहा कि एसटी/एससी और पिछड़ा वर्ग के लिए चल रही प्रत्येक योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सबसे अहम प्राथमिकता देकर कार्य किये जायें। एसटी/एससी और पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार और आय वृद्धि के लिए दीर्घस्थायी कार्यक्रम तैयार किये जायें। उन्होंने प्रगतिरत सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया।

## झारखंड को मिलेगा एक हजार करोड़ का नया रिम्स-2 : इरफान

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड में 1000 करोड़ रुपये की लागत से रिम्स-2 का निर्माण किया जायेगा। यह अस्पताल न केवल दिल्ली के तर्ज पर होगा, बल्कि झारखंड का मॉडल बनकर दिल्ली के अस्पतालों को भी प्रेरित करेगा। वह शुक्रवार को अपने विभाग की समीक्षा बैठक के बाद बोल रहे थे। उन्होने कहा कि मरीजों की मौत के बाद शव को रोकने की प्रथा पर रोक लगाने के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं। इस पर जल्द ही सरकार आदेश जारी करेगी। राज्य भर में 1000 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जायेंगे ताकि ग्रामीण और सुदूर इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें। सभी वर्तमान एजेंसियों को रद्द कर 10 दिनों के अंदर नयी एजेंसियों का चयन किया जायेगा। राज्य भर के अस्पतालों में लगभग 200 अस्पताल प्रबंधकों की नियुक्ति की जायेगी। सभी सदर अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा और प्रत्येक जिले में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाये जायेंगे। एक सप्ताह के अंदर सभी अस्पतालों में एमआरआइ और सीटी स्कैन की मशीनें उपलब्ध करायी जायेंगी। मरीजों की सुविधा के लिए शाम को भी ओपीडी सेवा शुरू की जाएगी। डॉक्टर दो शिफ्ट में बैठेंगे।

## सोलर और एआइ क्षेत्र में भी होगा कौशल विकास का प्रशिक्षण: संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि अब झारखंड के युवक-युवतियों को सोलर और एआइ के क्षेत्र में भी कौशल विकास का प्रशिक्षण देगा। इस दिशा में काम करने का निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिया है। उन्होंने शुक्रवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने सभी को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्यहित, जनहित एवं समाज हित में सभी पदाधिकारी कार्य करें। वे क्षेत्र भ्रमण कर विभाग के चल रही योजनाओं की जमीनी स्तर पर जानकारी लें। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि श्रम विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का धरातल स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। सभी पंचायत, वार्ड, मुखिया के प्रधान, मानकी मुंडा, डाकुआ को विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाये। उनके माध्यम से राज्य के बाहर गये प्रवासी मजदूरों या विदेश गये मजदूरों की जानकारी लेकर सभी का रजिस्ट्रेशन किया जाये। लेबर सेस की वसूली को दोगुना किया जाये। इसके अलावा उन्होंने विश्व कौशल केंद्र निर्माण, श्रमिक अस्पतालों में बेहतर सुविधा की व्यवस्था,अधिकारी प्रमंडल स्तरीय समीक्षा एवं क्षेत्र भ्रमण करने समेत अन्य निर्देश दिये।




## शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा : रामदास



शिक्षा मंत्री ने सरकारी स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि 26 हजार शिक्षकों के बहाली के मामला न्यायालय में लंबित है। जैसे ही आदेश मिलेगा, नियुक्ति शुरू कर दी जायेगी। साथ ही अन्य और 26 हजार शिक्षकों का बहाली की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। ताकि स्कूल में विद्यार्थियों को उचित शिक्षा मिल सके। मंत्री ने कहा झारखंड में दिल्ली की तर्ज पर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा। साथ ही उच्च शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालय का निर्माण किया जायेगा। ताकि झारखंड के विद्यार्थियों को बाहर पड़ने के लिए जाना ना पड़े। वह शुक्रवार को जमशेदपुर में स्कूलो के औचक निरीक्षण करने के मौके पर बोल रहे थे। मंत्री ने टेल्को स्थित घोड़ाबांदा निर्मल महतो मध्य व उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल व शिक्षकों से बातचीत की और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूल के कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से मुलाकात कर जानकारी ली। वहीं, साकची गरम नाला स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका विद्यालय में स्कूल के प्रिंसिपल से मुलाकात कर बच्चों के उपस्थिति का जानकारी ली।

## हेमंत और कल्पना ने बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ में की पूजा

● झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। तीर्थ पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना संपन्न करायी गयी। देवघर में पूजा-अर्चना करने के बाद हेमंत और कल्पना बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंचे और फौजदारी बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की।

**दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर:** इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन का विधायक उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आइजी क्रांति कुमार, डीआइजी संजीव कुमार, उपायुक्त विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं, दुमका पहुंचने पर भी जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## अलका तिवारी मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार से शुभारंभ हुआ। मुख्य सचिवों का यह सम्मेलन, सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की दृष्टि से अयोजित किया जाता है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेंद्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारियों ने की। बता दें कि यह सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्धामिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल,अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

## न्यूज रील्स

### दिल्ली में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार, 1000 चिह्नित

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली के उपराज्यपाल की ओर से जारी निर्देश के बाद पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि दो अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा गया है और एक हजार से ज्यादा ऐसे लोगों की पहचान की गयी है। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ जारी अभियान के बीच दक्षिण पूर्व दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा, हमने अपने अभियान के दौरान एक हजार से अधिक अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की है। कालिंदी कुंज और हजरत निजामुद्दीन क्षेत्र से ऐसे दो लोगों को पकड़ा गया है। एलजी सचिवालय द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई के आदेश के एक दिन बाद, शहर पुलिस ने बुधवार को दिल्ली में रहने वाले अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए एक अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशियों में से एक ने छह दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश किया था और दूसरा अप्रवासी कूड़ा बीनने वाला है। डीसीपी ने कहा कि दिल्ली पुलिस समेत कई सुरक्षा एजेंसियां उनसे पूछताछ कर रही हैं।

### प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए कलश किया स्थापित

## गुलामी के कालखंड में भी कुंभ की आस्था नहीं रुकी: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ के लिए कलश स्थापित किया। साथ ही 5700 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास-उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी के कालखंड में भी कुंभ की आस्था नहीं रुकी। संगम आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान सब एक हो जाते हैं। जातियों का भेद खत्म हो जाता है। संप्रदायों का टकराव मिट जाता है। प्रयागराज वो स्थान है, जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। इसलिए मैं कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। इसमें हर तरह के भेदभाव का आहुति दी जाती है। उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।

**क्रूज की सवारी की, अक्षयवट की परिक्रमा की :** इससे पहले, प्रधानमंत्री अरैल घाट से निषादराज क्रूज में सवार होकर संगम तट पर गये। यहां साधु-संतों से मुलाकात की। इसके बाद संगम नोज पर 30 मिनट गंगा पूजन किया। गंगा को चुनरी और दूध चढ़ाया। सेल्फी पॉइंट पर फोटो खिंचवायी। इसके बाद पीएम ने अक्षयवट की परिक्रमा की। फिर लेटे हनुमान जी की आरती उतारी, भोग अर्पित किया। मोदी ने सरस्वती कूप में दूध डाला। हनुमान मंदिर कॉरिडोर के मॉडल को भी देखा।

### एआइ चैट बॉट 11 भाषाओं में चैट करेगा

मोदी ने कहा कि महाकुंभ 2025 जिस दौर में हो रहा है, वो टेक्नोलॉजी के मामले में पिछले आयोजनों से बहुत आगे है। एआइ चैट बॉट की शुरुआत की गयी है। एआइ चैट बॉट 11 भाषाओं में चैट करने में सक्षम है। महाकुंभ में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाये। महाकुंभ को एकता के महाकुंभ में फोटोग्राफी प्रतियोगिता की जा सकती है। किसी अन्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा सकता है।

## मंईयां सम्मान योजना से हटेंगी अयोग्य लाभुक

● सामाजिक सुरक्षा निदेशक ने सभी उपायुक्तों को लिखा पत्र

● सभी लाभुकों के भौतिक सत्यापन का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पंजीकृत अयोग्य लाभुकों को हटाया जायेगा। महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के अधीन सामाजिक सुरक्षा विभाग की निदेशक समीरा एस ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिख कर आवश्यक निर्देश दिया है। निदेशक ने कहा है कि कतिपय अयोग्य लाभुक योजना का लाभ ले रहे हैं। इससे योग्य लाभुकों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पत्र के आलोक में उपायुक्तों ने कदम उठाना शुरू कर दिया है।

निदेशक ने अपने पत्र में ऐसे कई कारणों को चिह्नित किया है, जिस वजह से मंईयां सम्मान योजना की सही लाभुकों को चिह्नित किया जाना जरूरी है। उन्होंने लिखा है कि कई लाभुकों द्वारा पूर्व से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ लिया जा रहा है। कई लाभुकों द्वारा एक से अधिक जिलों से भी योजना का लाभ लिया जा रहा है। वहीं, लाभुक विभाग द्वारा एक जुलाई को जारी संकल्प के तहत नहीं आती हैं। इसलिए अयोग्य लाभुकों की जांच कर उन्हें बाहर किया जाना जरूरी है। उन्होंने उपायुक्तों से कहा है कि अयोग्य लाभुकों को चिह्नित करें और उन्हें हटायें। इसके बाद रांची समेत कई जिलों के उपायुक्तों ने इस संबंध में अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवयक निर्देश देते हुए पत्र जारी किया है। जांच के बाद अयोग्य लाभुकों का नाम कटेगा।

## उप डाकपाल नंदन कुमार हुए सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में स्वच्छ भारत अभियान 2024 चलाया जा रहा है। इसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने, डाकघर परिसर और कार्यालय को स्वच्छ रखने वाले कार्यालय प्रमुख को सम्मानित और पुरस्कृत भी करने का प्रावधान है, ताकि डाककर्मी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। हजारीबाग प्रमंडल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने कॉलेज मोड़ उप डाकघर के उप डाकपाल नंदन कुमार को स्वच्छ भारत अभियान 2024 के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। डाक अधीक्षक ने कहा कि नंदन कुमार स्वच्छता प्रिय व्यक्ति है। कॉलेज मोड उप डाकघर सोहराई कला से सुसज्जित, स्वच्छ और बेहतर रख रखाव युक्त डाकघर है। अभियान के दौरान इनका योगदान उत्कृष्ट रहा। कार्यालय के विजीटर बुक में देश विदेश के सैलानियों ने भी इनकी प्रसंशा की है। मौके पर सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत रॉय, सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, डाक निरीक्षक अशोक कुमार मंडल, राजीव कश्यप, संजय मंडल, रविशंकर सहित काफी संख्या में विभाग के लोग उपस्थित थे।

## कन्या मध्य विद्यालय में एसएमसी का पुनर्गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया किया गया। अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी और संचालन प्रधानाध्यापक महेश चौधरी ने की। जहां पर्यवेक्षक अर्जुन प्रसाद चौधरी और शशिभूषण कुमार सिंह मौजूद थे। बैठक में विद्यालय के अलग-अलग पोषक क्षेत्रो से बच्चों के माता-पिता शामिल हुए। बच्चों के माता-पिता के बीच 12 सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यीय टीम से सर्वसम्मति से अशोक यादव को अध्यक्ष रेहाना खातून को उपाध्यक्ष और सुनीता देवी को सयोंजिका के पद पर चयनित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव नियमानुसार शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मुखिया अब्बास अंसारी ने सभी चयनित सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहाकि विद्यालय में शैक्षणिक और एमडीएम समेत अन्य गतिविधियों में सकारात्मक बदलाव के लिए एसएमसी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में उर्मिला देवी, दिनेश यादव, उमेश यादव, सुनीता देवी, फुलवा देवी, गीता देवी, पिंटू ठाकुर, यशोदा देवी, सुंदरी देवी, सुरेश ठाकुर, कौशल्या देवी, दिनेश साव, महेश साव, बुधनी देवी, लिलम देवी विद्यालय के प्राचार्य महेश चौधरी, सहायक अध्यापक सुंदर तुरी, अनिल यादव, मोनिका कुमारी समेत दर्जनों लोग बच्चों के माता पिता उपस्थित थे।

## बिरहोर परिवारों से मिले बीडीओ




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के कटकमदाग प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद ने शुक्रवार को प्रखंड के अडरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टंडा सलगा का निरीक्षण किया। इस दौरान वह बिरहोर परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बीडीओ ने बिरहोर टंडा स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सलगा का भी निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने बच्चों से कई सवाल कर उन्हें नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चों को मनोरंजनात्मक और बेसिक शिक्षा पर विशेष जोर देने के लिए शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। उन्होनें कहा की विद्यालय में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए साथ ही विद्यालय के बच्चों को दिया जाने वाला मध्याह्न भोजन गुणवत्तापूर्ण और मीनू के अनुरूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने टंडा में निमार्णाधीन आवास का भी जायजा लिया और लाभुकों को समय से आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। मौके पर पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, ग्राम रोजगार सेवक राजीव कुमार शर्मा और स्वयंसेवक अजय कुमार उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव स्थित स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित की गयी। इसका नेतृत्व चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में 12 फाइलेरिया रोगियों के बीच दवाइयां का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एमटीएस तरुण शर्मा और अब्दुल मनन (पिरामल फाउंडेशन) द्वारा फाईलैरिया के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि फाइलैरिया एक लाइलाज बीमारी है, यह रोग मच्छरों के द्वारा होता है। इसके रोकथाम के लिए एमएमडीपी कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी है। इस कार्यक्रम के तहत हर वर्ष में एक बार फाइलैरिया की गोली खाकर इस रोग से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और फाइलैरिया के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सभी रोगियों को दवाइयां वितरित करने के साथ-साथ इस कार्यकम के महत्व पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को इस बारे में जागरूक किया गया।

## डिग्री महाविद्यालय में होगी कई विषयों की पढ़ाई: आनंद



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत डिग्री कॉलेज बरही के प्रांगण में पत्रकार वार्ता कर प्राचार्य डॉक्टर जयप्रकाश आनंद ने बताया कि झारखंड सरकार हर प्रखंड में उच्च शिक्षा सर्वे हो इसके लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना कर रही है। कोडरमा और आसपास के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक उत्कृष्ट महाविद्यालय की स्थापना की गयी है जिसमें अनेकों संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं जहां पर नए प्रारंभिक सत्र में आट्र्स, और कॉमर्स संकाय की पढ़ाई-लिखाई शुरू हुई है। जिसमें उत्साह दिखाते हुए क्षेत्र के लोगों ने काफी नामांकन किया है। आट्र्स के विषय में इतिहास, हिंदी, पॉलीटिकल, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र इन सब विषयों और कॉमर्स की पढ़ाई होगी। आगामी समय में छात्रों के भविष्य के कैरियर उन्मुख बनाने हेतु और अपने सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उद्देश्य से सत्र-आरंभ (इंडक्शन मीट) समारोह का आयोजन किया जायेगा। आने वाले समय में इस महाविद्यालय में बीएससी, आइटी, बीबीए, एमबीए और पीजी की पढ़ाई प्रारंभ होगी। इसमें झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा के प्रति समर्पण दिखाते हुए प्रोफेशनल वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई भी अगले सत्र से प्रारंभ होगा। निकटवर्ती क्षेत्रों में अभिभावकों ने जिस उत्साह और निष्ठा से नामांकन कराया है। विश्वविद्यालय ने इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को भी नियुक्त कर दिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी काफी सहयोग और सहायता की है और आगे सतत सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# हजारीबाग के जलाशयों में दिखने लगे विदेशी पक्षी

**बेहतर जलवायु और भोजन के लिए यह पक्षी हर साल आते हैं प्रवास पर**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सर्दियों के मौसम के आगमन के साथ ही हजारीबाग के जलाशयों में विदेशी मेहमान पंछी का आगमन शुरू हो चुका है। यह विदेशी मेहमान पक्षी बिना किसी वीजा पासपोर्ट के हिमालय की चोटी पार करके भारत पहुंचे है। हर साल ठंड के दिनों में झारखंड के हजारीबाग जिला स्थित छड़वा डैम, तिलैया डैम, गोंदा डैम जैसे कई जलाशयों में 3000 किलोमीटर की दूरी तय कर शीतकालीन प्रवासी पंछी पहुंचते है। इस संबंध में हजारीबाग के पर्यावरणविद मुरारी सिंह बताते है कि यहां आए पंछी खासकर सेंट्रल एशिया के देशों से यहां आते है। हजारीबाग जिले में कोई भी पंछी साइबेरिया देश से नहीं आता है। इनके आने के पीछे का मुख्य कारण होता है कि वहां के जलाशयों में बर्फ की मोटी परत जम जाती है। इन पक्षियों को खाना जुटाना मुश्किल हो जाता है। इसी वजह से हर साल बेहतर जलवायु और भोजन के लिए यह पक्षी प्रवास में आते हैं। पक्षियों का अधिकतर प्रवास उत्तर से दक्षिण दिशा की और कुछ दक्षिण से पूर्व दिशा की ओर जाते हैं। जिस कारण ये उत्तर से इधर आते है। उन्होंने आगे बताया कि हजारीबाग में आने वाले बार हेडेड गूज सबसे ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में से एक हैं। यह हिमालय के ठीक ऊपर से उड़कर यहां आते हैं। ये पंछी हजारीबाग में 4 महीना का समय बिताने के बाद वापस अपने वतन लौट जाते हैं। इन दिनों हजारीबाग के जलाशयों में मुख्य रूप से रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, रडी सेलडक, फाल्केटेड डक, पिंटेल, ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब, यूरेशियन विजन, गडवाल जैसे शीतकालीन प्रवासी पक्षी पहुंचे हैं। वहीं जलीय पक्षियों के अलावा वाटर डिपेंडेंट, ग्रास और बुश बर्ड भी पहुंचते हैं। हाल के सालों में इनकी संख्या में कमी आयी है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में इसका लोग शिकार भी करते है। इस वर्ष वक्त से पहले कुछ झुंड हजारीबाग के जलाशयों में पहुंच गये हैं।

# बस स्टैंड में अस्थायी तौर पर बन गये कचरा डंप का विरोध

**डंपिंग यार्ड में जमा कूड़े कचरे के ढेर में फैल रही बदबू, लोग परेशान**

**नगर पर्षद के खिलाफ लोगों में आक्रोश**

**कचरे को जल्द हटाये, नहीं तो होगा आंदोलन: विशाल भदानी**

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर पर्षद की ओर से शहर के बीचोबीच पॉश इलाके में अस्थायी तौर पर बनाए गए डपिंग यार्ड में जमा किए गए कूड़े कचरे के ढेर से फैल रही बदबू लोगो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लोगो में नगर पर्षद के सिलाफ खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। शुक्रवार की सुबह सफाई व्यवस्था में लगे केएमएसडब्ल्यू के परियोजना प्रबंधक अमित कुमार को इसका कोपभाजन बनना पड़ा। सुबह जैसे ही कूड़े कचरे से भरा दर्जनों ट्रीपर डंपिंग यार्ड पहुंचा वहां पहले से मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर निकाय चुनाव में चुनाव लड़ चुके विशाल भदानी ने इसका विरोध किया। उन्होंने हाल ही में शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में डेंगू मलेरिया की चपेट में आने से हुई कई मौत व दर्जनों लोगो को इसका शिकार होकर इलाज के लिए बाहर जाने की नौबत का हवाला दिया। श्री भदानी के द्वारा बस स्टैंड में कचरे डंप का विरोध किए जाते देख धीरे-धीरे लोगों का जुटान होने लगा। सभी ने एक स्वर से इस पॉश इलाके में डंपिंग यार्ड का विरोध करते हुए नगर परिषद को जमकर कोसा। सभी ने कहा जब चन्द्रोडीह में डंपिंग यार्ड का निर्माण कराया गया तो किस परिस्थिति में बस स्टैण्ड में कचरा का डंप किया जा रहा है। विरोध कर रहे वीरेंद्र यादव, गुड्डू जायसवाल, सौरभ यादव ने कहा कि किसी भी हाल में पॉश इलाके में डंपिंग यार्ड नहीं बनना चाहिए। परेशानी उस वक्त और ज्यादा विकराल हो जाती है जब सामाजिक तत्वों द्वारा जमा कचरेनुमा पहाड़ में आग लगा दी जाती है, और प्रदूषित धुएं की वजह से जीना मुश्किल हो जाता है।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर और अवैध बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उत्खनन रोकने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है। शुक्रवार की सुबह मरकच्चो अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर एवम अवैध बोल्डर लदे एक हाईवा को जप्त करते हुए थाना ले आये। इस दौरान उन्होंने बताया कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। केशो नदी से बालू लाद कर बरियारडीह के ओर जा रहे दोनो बालू लदे ट्रैक्टर से बालू संबंधित कागजात की मांग की गयी, ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। दूसरी ओर हाईवा से भी बोल्डर संबंधित कागजात की मांग किया गया। परंतु हाईवा चालक के द्वारा बोल्डर संबंधित कोई कागजात नहीं दिया गया। वही दोनो ट्रैक्टर और हाईवा को जब्त करते हुए अग्रसर करवाही हेतु मरकच्चो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## बड़कागांव में दो मचान में लगी आग

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बादम गांव के तेली मोहल्ला छोटकी तालाब के समीप दो मचान में अचानक भीषण आग लग गया। जिसमें रखा पुआल पूरी तरह से जलकर राख हो गया। उपस्थित ग्रामीणों को पता चलने पर ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की पर आगे इतना भयावाह था कि देखते ही देखते जलकर राख हो गया। वहीं मचान के नीचे बंधे जानवरो ने रस्सी तोड़कर अपनी जान बचाया। वहीं एक जानवर का एक तरफ के हिस्सा पूरी तरह जल गया। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि आज इतना भयावा था कि हम लोगों को जरा सा भी आग बुझाने का मौका नहीं मिला और देखते ही देखते मचान जलकर राख हो गया। मौके पर मचान के मालिक छोटी साव और जीतन साव ने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति का कोयला का पोड़ा हो रहा था उसी से आग मचान में पकड़ ली और मचान जलकर राख हो गया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर नुक्कड़ नाटक

आजाद सिपाही संवाददाता




**जयनगर।** प्रखंड मुख्यालय में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के बैनर तले जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विशेष नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीवन ज्योति एनजीओ के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सामाजिक संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पेंशन से संबंधित योजनाओं की जानकारी देना और पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। नाटक के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार और अंचलाधिकारी सारांश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए बनायी गयी हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित कार्यालयों में आवेदन करें। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार और अंचलाधिकारी सारांश जैन ने जीवन ज्योति एनजीओ के कलाकारों को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए डायरी देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के रचनात्मक माध्यम समाज में जागरूकता लाने में बेहद प्रभावी साबित होते हैं।

# ग्रिजली कॉलेज में युवा महोत्सव का आयोजन

**कार्यक्रम में अव्वल रहे सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन कोडरमा ने दिया प्रमाण पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग अंतर्गत जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम की देखरेख में जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं से लगभग 200 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिता सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोक गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक विज्ञान मेला, एकल विज्ञान मेला और फोटोग्राफी में प्रतिभाग कर अपने ज्ञान, कला, कौशल, क्षमता, तकनीकी और उर्जा से अपने क्षेत्र के और राष्ट्र के संस्कृति को जीवंत बनाये रखने का संदेश देते हुए अपने संस्था और जिला को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोडरमा जिला के अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्य डॉ मृदुला भगत, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी सौरभ शर्मा ने दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में सामूहिक लोक गीत में प्रथम जेजे कॉलेज कोडरमा, एकल लोक गीत में प्रथम पारुल कुमारी, द्वितीय सीमा जोजो और तृतीय सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम जेजे कॉलेज, कोडरमा, द्वितीय ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा गोद लिए ग्रामीण बच्चियां, एकल लोक नृत्य में प्रथम नीतू कुमारी, द्वितीय राइमा घोष और तृतीय कल्पना भारती, कविता लेखन में प्रथम निरंजन कुमार, द्वितीय सुनील कुमार वर्मा और तृतीय प्रिया राय, कहानी लेखन में प्रथम अंगूरी खातून, द्वितीय तुलेश्वर महतो और तृतीय नीतेश कुमार सेठ भाषण में प्रथम नेहा, द्वितीय सोनाली कुमारी और तृतीय स्थान पर संयुक्त शिफा नूरी और संतोषी कुमारी, चित्रकला में प्रथम रवि कुमार, द्वितीय जीनत नाज और तृतीय रिया बोस, विज्ञान मेला एकल में प्रथम प्रिंस कुमार, द्वितीय महादेव कुमार यादव, विज्ञान मेला सामूहिक में प्रथम रोहित ग्रुप, द्वितीय कसमीना ग्रुप और तृतीय अनामिका ग्रुप और फोटोग्राफी में प्रथम आदित्य कुमार यादव, द्वितीय शेखर कुमार और तृतीय कुणाल कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अव्वल रहे सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा प्रमाण पत्र, उपहार और नकद राशि प्रदान कर उनके हौसले को ऊर्जावान्वित किया गया। अपर समाहर्ता पुनम कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि युवा महोत्सव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को निरंतर आगे बढ़ाता है और उनको एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है जो व्यक्तित्व का विकास करता है।

## मुखिया ने बच्चों को दिया स्वेटर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र -4 पर पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मुखिया ने बच्चों को ठंड में प्रतिदिन स्वेटर पहन कर आंगनबाड़ी आने का बात कहा और बच्चों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही साथ बच्चों के पोष्टिक आहार पर ध्यान देने की बात कहा और बच्चों के सेविका नीलम राणा से कहा कि आप बच्चों के अभिभावक को सूचित कर देंगे कि ठंढ बहुत है और बच्चे भी छोटे छोटे है बिना स्वेटर पहनाएं आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजना है इस अवसर पर सेविका नीलम राणा, सहायिका सावित्री देवी, सुरेंद्र राणा समेत अन्य उपस्थित थे।

## 43 वर्षों से भक्ति, सेवा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है श्री हनुमान संकीर्तन मंडल



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जहां भक्ति के सुर जीवन को आनंदमय बनाते हैं, वहीं सेवा और समर्पण समाज को एकजुट करते हैं। हनुमान संकीर्तन मंडल ने 43 वर्षों से इसी संदेश को हर शनिवार को भजन-कीर्तन का अद्वितीय आयोजन करता आ रहा है। यह केवल एक मंडल नहीं, बल्कि आस्था का ऐसा दीप है, जो न केवल धार्मिक चेतना जगाता है, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। ढोलक और हारमोनियम की मधुर ध्वनि, मिश्री-बेदाम प्रसाद की मिठास, और गायक-म्यूजिशियन की निस्वार्थ सेवा, सब मिलकर हर कीर्तन को एक दिव्य अनुभव बना देते हैं। चाहे गर्मी हो या सर्दी, यह मंडल हर परिस्थिति में अपने कार्यक्रमों को उसी ऊर्जा और उत्साह से आयोजित करता है। शहर के इस प्रेरणादायक संगठन ने भक्ति को जीवन का आधार बनाते हुए हर दिल में भगवान का नाम स्थापित कर दिया है।14 दिसंबर को मंडल का 2300वां कीर्तन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## एसपी ने किया कोडरमा थाना का निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना में शुक्रवार को एसपी अनुदीप सिंह ने वार्षिक औचक निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की ये एक रूटिंग प्रक्रिया है और हर वर्ष पुलिस अधिक्षक को क्षेत्रिय थाने का निरीक्षण करना होता है। इसी के तहत कोडरमा थाना का निरिक्षण किया गया। इस दौरान कोडरमा थाना में रखे अभिलेख, पंजियन एफआईआर रजिस्टर आदि को देखा गया। वहीं निरीक्षण के क्रम जो कमी पायी गयी, उसे थाना प्रभारी से सुधार करने संबंधित निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, गोपनीय रीडर तापस डे, एसआई रोहित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## संयुक्त निरीक्षण से भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्या का समाधान



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में भवन निर्माण से संबंधित समस्याओं को सुलझाने के उद्देश्य से संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचलाधिकारी सारांश जैन, जिला से आये परियोजना अर्थशास्त्री शनि दयाल, बीपीओ रवि शंकर, अंचल निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, राजस्व उप निरीक्षक रविश कुमार, अमीन दीपक कुमार अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषक क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सतडीहा पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र लतबेधवा हरिजनटोला, चेहाल पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र चंद्रपुर, गोहाल पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र मकतपुर हरिजन टोला में पदाधिकारियों पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और ग्रामीणों के साथ बैठक कर भवन निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित किया गया। मौके पर मुखिया बिनोद दास, सविता देवी, सुवंती देवी, रोजगार सेवक ठाकुर विक्रम सिंह, अशोक कुमार, संतोष कुमार, शंभु कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## हादसे में बच्ची की मौत के बाद अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने परिजनों से की मुलाकात



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर मरकच्चो बाजार में सड़क दुर्घटना में शाहगंज निवासी वाजिद शाह की 6 वर्षीय पुत्री रिफत प्रवीण की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नौसाद आलम गुरूवार को मृतक के आवास पहुंच परिवार से मिले और हर संभव मदद करने का अश्वासन दिया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि जब हमलोग घायल बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो पहुंचे। जहां एक एएनएम को छोड़कर एक भी डॉक्टर व एक भी कर्मी मौजूद नहीं थे। सभी कर्मी पिकनिक मनाने कमार्धाम जंगल गये थे। परिजनों ने यह भी बताया कि 108 को भी कॉल लगाया गया तो 108 भी उपलब्ध नहीं हो पाया। अंत में बच्ची को प्राइवेट गाड़ी से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने के बाद जिला अध्यक्ष ने सिविल सर्जन कोडरमा से दूरभाष पर बात कर कार्य में लापरवाही बरतने वाले अस्पताल के डॉक्टर व कर्मियों पर करवाई करने की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करेंगे। मौके पर जे एम एम नेता मो खलील, राजद के तौकीर अहमद जे एम एम के अफजल मियां, मासूम आलम, मो जावेद, सोहराब आलम, मो डॉलर आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## मांडू को अनुमंडल और करमा को प्रखंड बनाने की मांग



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में किसी भी प्रकार का अवैध लेन देन अब नहीं चलेगा, ना खायेंगे और ना खाने देंगे। प्रखंड में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। उक्त बातें स्थानीय विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने प्रखंड मुख्यालय में विधायक कार्यालय उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रखंड में अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास में 15 से 20 हजार की वसूली लाभुकों से की जा रही है। उन्होंने कहा कि मांडू को अनुमंडल और करमा को प्रखंड और बालू को फ्री करने की मांग को लेकर विधानसभा में मामला उठाया और लिखित आवेदन विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा हूं। उन्होंने कहा कि मांडू प्रखंड मेरा गृह प्रखंड है, मैं यहां हमेशा आता रहूंगा। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी शिकायत और समस्या लिखित रूप से कार्यालय में जमा करने की बात कही। इससे पूर्व विधायक ने विधायक कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर प्रमुख चंद्रमनी देवी, बीडीओ रितिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, जयकिशोर महतो, मदन महतो, बैजनाथ राम, अनीता देवी, विवेक गुप्ता, नवरत्न मंडल, छोटेलाल भुइयां, पंकज गुप्ता, केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, रामवृक्ष महतो, शक्ति महतो, भोला तुरी, निरंजन महतो, रोहित कुमार, युगेश्वर महतो, रत्न कुमार, धनेश्वर साव, बंशी साव समेत कई लोग मौजूद थे। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में विधायक निर्मल महतो ने प्रखंड के एक दर्जन से अधिक किसानों के बीच बीज का वितरण किया। उन्होंने किसानों से शत प्रतिशत अनुदान में मिल रहे बीज का सदुपयोग करने की बात कही। मौके पर पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता समेत किसान मौजूद थे।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने पतरातू में अपने कार्यालय का किया उद्घाटन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी ने शुक्रवार को पतरातू प्रखंड परिसर स्थित विधायक कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि इस कार्यालय से समस्त प्रखंड और अंचल से जुड़े सभी जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा। सभी आम जनता अपनी समस्या को लेकर निसंकोच विधायक कार्यालय में आये निश्चित ही आम जनता की प्रखंड एवं अंचल से जुड़े सभी समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ मनोज चौरसिया, केंद्रीय भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, केंद्रीय महासचिव आजसू विजय कुमार साहू, पंकज कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य कोडरमा जिला प्रभारी पंकज गुप्ता, किशोर कुमार महतो, दिनेश प्रसाद, रंजन कुमार, भगत रवि दता, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, राजू कुमार, ब्रजेश सिंह, अजय, रवि किशोर महतो, विकास गुप्ता, अमरेश कुमार, परमानंद राजीव, मनोज राम, विजेंद्र मुंडा, संजोत दास, ज्योति गुप्ता सहित एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 25 दिसंबर से शुरू होगी धान अधिप्राप्ति, बिचौलियों से रहें सावधान : डीसी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत 25 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू होना है। शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि धान अधिप्राप्ति के दौरान बिचौलिए भी काफी सक्रिय हो जाते हैं। लेकिन किसानों को सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी हालत में बिचौलियों से सावधान रहे और अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान की बिक्री करें। साथ ही उन्होंने जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए सभी किसानों को इसके प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इस वर्ष किसानों से क्रय किए जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल के दर से निर्धारित है। बोनस के रूप में प्रति क्विंटल 100 रुपये भी दिये जाने हैं। इस तरह प्रति क्विंटल धान के लिए किसानों को 2400 रुपए का भुगतान किया जायेगा। वहीं धान की बिक्री करते ही 50 फीसदी राशि तत्काल रूप से पीएफएमएस के माध्यम से किसानों को भुगतान कर दी जायेगी। रामगढ़ जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए अलग-अलग प्रखंडों में कुल 24 पैक्स केंद्र बनाये गये हैं। गोला प्रखंड में 5, चितरपुर प्रखंड में 3, रामगढ़ प्रखंड में 2, दुलमी प्रखंड में 5, पतरातू प्रखंड में 4 और मांडू 5 पैक्स के केंद्रों को चिन्हित किया गया है।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने प्रखंड में संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा 15 वें वित्त समेत अन्य संचालित योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा किया गया। इस दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा योजनाओं के कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, परण कुमार, आनंद कुमार, सहित सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक उपस्थित रहें।

## फर्जी तरीके से अबुआ आवास आवंटन को लेकर डीसी और बीडीओ को दिया आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड क्षेत्र के ओरला पंचायत में फर्जी तरीके से खतियान और रसीद दिखाकर अबुआ आवास आवंटन करने के मामले में गांव के जितेंद्र मुंडा ने डीसी और बीडीओ को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि बेबी देवी पति राजेश घांसी मांडू प्रखंड के ओरला निवासी हैं। जिनकी मां गोमिया बोकारो में सीसीएल में नियुक्त है। जबकि उनके पति राजेश घांसी की मां भी सीसीएल चरही के जीएम ऑफिस में नियुक्त है। जिनका नाम बाल्को देवी है। बाल्को देवी के नाम ओरला में खतियान जमीन नहीं है। परन्तु फर्जी तरीके से खतियान दिखाकर जिओ टेक कर घर बनाया जा रहा है। साथ ही, अबुआ आवास आवंटन कराया गया है। जबकि वह जमीन बढ़ना मुंडा के नाम से खतियान में दर्ज है। उन्होंने डीसी और बीडीओ से तत्काल जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# युवा महोत्सव में खिलाड़ियों का रहा जलवा डीसी-एसपी ने सिखाया अनुशासन का पाठ

**सोच समझकर करें मित्रों की पहचान, नशे से रहे दूर : डीसी**

**अनुशासन और कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें: एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को पूरे देश में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तैयारी भी शुरू हो गयी है। शुक्रवार को रामगढ़ जिले में भी युवा महोत्सव में खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया। यहां खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर युवा महोत्सव की शुरुआत डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने शहर के मैक्स बीएड कॉलेज में किया।

**कई विधाओं में युवाओं ने लिया हिस्सा:** जिला स्तरीय युवा महोत्सव के दौरान कहानी लेखन में रानी कुमारी ने प्रथम, संदीप कुमार ने द्वितीय और एलिस तिर्की ने तृतीय, कविता लेखन में आद्या उपाध्याय ने प्रथम रौनक कुमार ने द्वितीय और किशन आनंद ने तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में रवि शंकर ने प्रथम खुशबू कुमारी ने द्वितीय रेशम सिंह ने तृतीय, मोबाइल फोटोग्राफी में नेहा कुमारी ने प्रथम, आकाश कुमार ने द्वितीय और नवीन कुमार ने तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में सतीश कुमार ने प्रथम, अमन कुमार ने द्वितीय और प्रियांशी कुमारी ने तृतीय, सामूहिक साइंस मेला प्रदर्शनी में स्वाति और ग्रुप ने प्रथम, सपोर्ट पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, अपग्रेड उच्च विद्यालय ने तृतीय, साइंस मेला एकल प्रदर्शनी में आर्यन कुमार ने प्रथम, अरुण कुमार महतो ने द्वितीय, रविंद्र कुमार ने तृतीय, एकल लोक नृत्य में रूही कुमारी ने प्रथम, एंजेल गौरी ने द्वितीय और साक्षी कुमारी ने तृतीय, सामूहिक लोक नृत्य में श्री अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल ने प्रथम, मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज ने द्वितीय और महर्षि परमहंस कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोकगीत में अंकित और ग्रुप ने प्रथम, प्रिया और ग्रुप में द्वितीय, मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज ने तृतीय, एकल लोकगीत में अर्पिता ने प्रथम, जीनत परवीन ने द्वितीय और जुगल उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान कुल 11 प्रतियोगिताओं में 450 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।





### देश का भविष्य है युवा, निरंतर करते रहे मेहनत: डीसी

इस दौरान उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए डीसी चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी को जिला स्तरीय युवा महोत्सव के आयोजन की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त में सभी को देश के विकास में युवाओं के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति जानकारी देते हुए सभी के साथ स्वयं के अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए यह सबसे जरूरी है कि आप निरंतर मेहनत करें। अगर आप सभी किसी भी क्षेत्र को चिन्हित कर लगातार उस दिशा में मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर उपायुक्त ने सभी को अपने मित्र सोच समझ कर बनाने और अच्छी संगत में रहने पर जीवन में आने वाली सफलताओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने सभी से नशे से सावधान रहने को कहा।

### कठिन परिश्रम और अनुशासन से हासिल करें लक्ष्य: एसपी

महोत्सव के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए जीवन में सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करने और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया।

### हार-जीत से परे होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें: डीडीसी

इस दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के माध्यम से कुछ नया सीखने और हार या जीत से बिना प्रभावित हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव की जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के विजई प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तरीय राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

## 15 दिसंबर से किसान अपने धान को पैक्स में बेच सकते हैं: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में राज्य मुख्यालय द्वारा जिला हेतु डेढ़ लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विदित हो कि धान अधिप्राप्ति हेतु अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है तथा क्रय के समय फसल उत्पाद में 17 प्रतिशत से अधिक की नमी न रहे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा विगत विपणन वर्ष में जिला अंतर्गत पैक्स के माध्यम से धान क्रय प्रक्रिया का प्रखंड वार समीक्षा कर, इस विपणन वर्ष में धान क्रय से संबंधित समस्त कार्य योजना की पूरी जानकारी विभागीय पदाधिकारी से प्राप्त की गयी। बैठक में मौजूद संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानों को पैक्स में ही धान विक्री करने के लिए प्रेरित करें,



सरकार द्वारा समर्थित मूल्य में अपना उत्पादन बेचें और बिचौलियों से सावधान रहें। इसके अलावा बैठक में पैक्स में अधिप्राप्ति उपरांत भंडारण हेतु गोदाम की उचित व्यवस्था और साफ-सफाई के अलावे वजन मशीन, नमी जांचने से संबंधित मशीन आदि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गयी। पैक्स के लिए कुल 38 प्राप्त आवेदनों में से सर्वसम्मति से 31 पैक्सो का चयन किया गया। उपायुक्त ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि बिचौलियों के चक्कर में ना पड़ें, सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 23 सौ रुपया और एक सौ रुपया बोनस के रूप में कुल 24 सौ रुपया दिया जायेगा। धान अधिप्राप्ति से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। 15 दिसंबर से किसान अपने धान को पैक्स में बेच सकते हैं।

## ओवरलोडिंग रोकने के उद्देश्य से चलाया अभियान, वसूला 4.22 लाख जुर्माना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने और ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर डीटीओ मनीषा वत्स ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण और ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाये जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गयी। गुरुवार और शुक्रवार को जांच के दौरान कुल 30 से 35 बड़े वाहनों की जांच की गयी। जिसमें 15 वाहनों के कागजात अधूरे पाये गये। उन सभी वाहनों के चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गयी। जिसमें लगभग कुल 422153 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 15 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस फेल, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट और रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 422153 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## भारत माला परियोजना में गोलीबारी करने पहुंचे दो अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गोला थाना क्षेत्र में चल रहे भारत माला परियोजना में गोलीबारी करने पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोच लिया है। इस दौरान मिस हैंडलिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लग गयी है। जिससे वह घायल हो गया है। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस एक अन्य अपराधी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी गोला थाना अंतर्गत चल रहे भारत माला प्रोजेक्ट से रंगदारी को लेकर गोलीबारी करने पहुंचे। इस दौरान एक अपराधी को मिस हैंडलिंग के कारण बाये पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गया। जिसके बाद एक अन्य अपराधी के साथ घायल अपराधी को पकड़ लिया। जबकि दो अपराधी भागने में सफल रहा। घायल अपराधी का पहचान सुरेंद्र गंझू उम्र 22 पिता लालो गंझु पता गाड़ीगाँव गंझुटोला थाना बरियातु लातेहार के रूप में हुआ है। जबकि एक अन्य गिरफ्तार का पहचान सोमनाथ गंझू उम्र 20 पिता अमीन गंझू पता बड़ीखाप पंचायत साल्वे थाना बतियातु ज़िला लातेहार के रूप में हुआ है।

## चलंत लोक अदालत विधिक जागरुकता शिविर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में शुक्रवार को कुजू चौक में चलंत लोक अदालत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर राष्ट्रीय लोक अदालत और लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के संबंध में अध्यक्ष सह प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य रूप से शामिल लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मोहन महतो, अधिकार मित्र आशीष कुमार, चंदन कुमार ने स्थानीय लोगों को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, राष्ट्रीय लोक अदालत, विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सकता है। कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। सिस्टम द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व, रिमांड और बेल के स्तर पर, विचारण और अपील की कार्रवाई में नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध किया जायेगा। वहीं, बताया गया कि 14 दिसंबर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक मामले, सिविल मामले, नौकरी व मुआवजा से संबंधित मामले, घरेलू मामले, बिजली से संबंधित मामले, और चेक बाउंस जैसे मामले, अवैध शराब से संबंधित मामले, बैंक लोन और अन्य समझौता योग्य मामले का निष्पादन दोनों पक्षों कि सहमती पर किया जायेगा। लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने की अपील की गयी, ताकि उनके लंबित मामलों का जल्द और प्रभावी निपटारा हो सके। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गयी। अधिवक्ताओं ने बताया कि लीगल सर्विस अथॉरिटी एक्ट की धारा 12 के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों को, जैसे कि महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्य, काराधीन व्यक्ति, गरीब मजदूर और पीड़ित, कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।

## बांग्लादेश में हो रहें अत्याचार के खिलाफ रैली

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को जनता उच्च विद्यालय कुंदा में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे बर्बरता पूर्ण अत्याचार के खिलाफ सोमवार को जन आक्रोश रैली निकाली जायेगी। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होगें। बैठक में रैली कार्यक्रम को सफल बनाने पर विमर्श किया गया। इस मौके पर सभी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर अजीत मिश्रा, अम्बिका सिंह भोगता, आशीष गुप्ता, लवकुश गुप्ता, बंटी वर्मा, मनोज यादव, और अन्य सनातन धर्म प्रेमी मौजूद थे।

## अफीम विनिष्टीकरण को लेकर चलाया अभियान

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा पुलिस और वन विभाग ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में अफीम विनिष्टीकरण को लेकर अभियान चलाया। टंडवा इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सोपारम, हुम्बी, फुलवरिया, मरांगलोइया, सहित आसपास के वन विभाग के क्षेत्रों में अफीम की खेती की जा रही है। इसी सूचना को सत्यापित करने को लेकर पुलिस और वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि जिन जिन गांवों में अभियान चलाया गया उन गांवों में अफीम की खेती नहीं लगाया गया है। रेंजर ने बताया वन क्षेत्र में अफीम की खेती करने वाले का खैर नहीं है। किसी भी कीमत पर वन क्षेत्रों में होने नही दिया जायेगा। इस मौके पर वनरक्षि लालटू कुमार, राकेश कुमार, सुनील उरांव, जयराम उरांव, अंकित कुमार, सहित टंडवा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## आपसी भूमि विवाद में मारपीट, तीन घायल

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के बरहपुर गांव में गुरुवार की देर शाम जमीन विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष डाटम गांव निवासी प्रवेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, शंभू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया। गंभीर चोट रहने के कारण प्रवेश कुमार सिंह और राकेश कुमार सिंह को बेहतर इलाज हेतु गया मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमल भुईया के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर दोनों ओर से वाद-विवाद हुआ। इसके बाद मारपीट हो गया।

# चिराग पासवान चतरा में गरजेंगे आज




**समाजसेवी प्रेम सिंह हजारों समर्थकों के साथ थामेंगे लोजपा (रा) का दामन**

**चतरा कॉलेज मैदान में होगा नव संकल्प आभार सह मिलन समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** केंद्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 14 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचेंगे। इस दौरान वें चतरा कॉलेज के समीप स्थित मैदान में आयोजित पार्टी के पहले नव संकल्प महासभा, अभिनंदन सह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अथिति शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे विगत विधानसभा चुनाव में एनडीए घटक दलों के सहयोग से चुनाव लड़ रहे लोजपा रामविलास के इकलौते प्रत्याशी जनार्दन पासवान की प्रचंड जीत पर जनता का आभार जताते हुए नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन करेंगे। इस मौके पर चतरा के चर्चित समाजसेवी प्रेमचंद सिंह उर्फ प्रेम सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ लोजपा(रा) का दामन थामेगें। इस बाबत लोजपा रामविलास के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद चतरा में आयोजित पहला संगठनात्मक कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में कार्यकर्ता जोर-जोर से जुटे हैं। 11 बजे चतरा पहुंचेंगे चिराग, औरंगाबाद और सीतामढ़ी में भी करेंगे जनसभा।

### चतरा में लोजपा प्रत्याशी की जीत एनडीए की जीत है: जनार्दन पासवान

लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में चतरा की जीत एनडीए की जीत है। उन्होंने पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा विधानसभा चुनाव में जमकर पैसे का खेल खेला गया है। लेकिन जनता ने उनकी एक नहीं सुनी और भ्रष्टाचार को चुनौती देते हुए जनार्दन को अपना प्रतिनिधि चुन लिया। जनार्दन पासवान ने कहा कि हम एनडीए के पार्ट हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए घटक दल में शामिल सभी दल मजबूती के साथ एक साथ खड़े हैं। जनार्दन पासवान ने कहा झारखंड में भले ही एनडीए की सरकार नहीं बनी हो, लेकिन यहां विकास नहीं रुकने वाला है। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए अंतिम व्यक्ति को विकास से जोड़ने का हमने संकल्प लिया है। विधायक ने कहा कि लोजपा के संगठन विस्तार से भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा। भाजपा कार्यकर्ताओं को लोजपा में शामिल नहीं किया जायेगा। भाजपा को छोड़कर अन्य बाकी सभी दलों के कार्यकर्ताओं को लोजपा में शामिल कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजद में सबसे बड़ी टूट होने वाली है मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरी प्रसाद यादव, समाजसेवी प्रेम सिंह, बॉबी राम, देवनंदन सोनी, सौरभ अग्रवाल, कल्याण सिंह समेत पार्टी के दर्जनों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

OFFICE OF THE PRINCIPAL
PANCH PARGANA KISAN COLLEGE, BUNDU
(A Constitute Unit of Ranchi University, Ranchi)
BUNDU (JHARKHAND)

SHORT TENDER NOTICE

Ref. No. G|PPK/208/24 Date 13/12/24

Panch Pargana Kisan College, Bundu invites sealed tenders (in two bid system) from eligible and experienced contractor register with Ranchi university only for construction of :-

| Sl. No. | Name of Work | Cost of Tender Paper |
|---|---|---|
| 1. | Proposed Canteen Building | 4500 |
| 2. | Gate Complex with Guard room | 3000 |
| 3. | Cycle & bike Stand | 1500 |
| 4. | Paints & Putty work on External Ground, First and Second Floor and corridor building | 3000 |

The tender document can be purchased from the college accounts office from 14.12.2024 to 22.12.2024 during office hours from 11 AM to 2PM on the payment of tender cost (non- refundable) in the shape of demand draft drawn in favour of Principal, P.P.K. College, Bundu payable at Bundu.

(Binita Kumari)
Principal
P. P. K. College, Bundu

# संसद का गतिरोध कैसे खत्म होगा

संसद का शीतकालीन सत्र पहले दिन से हंगामेदार बना हुआ है। विपक्ष ने सरकार को अडानी मुद्दे पर घेर रखा है। विपक्ष की मांग है कि सरकार अडानी मुद्दे पर बयान देकर अपना रुख साफ करे, परंतु जैसे ही विपक्ष अडानी मुद्दे को उठाता है, तो हल्ला मच जाने के कारण संसद के सत्र को स्थगित करना पड़ता है। इसके साथ ही राज्यसभा में भी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि जब भी विपक्ष सरकार को भ्रष्टाचार या अन्य किसी मुद्दे पर घेरने की कोशिश करता है, तो संसद का वह सत्र शोर-शराबे के बीच बर्बाद हो जाता है। वैसे तो हर सरकार ही ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना चाहती, जहां उसकी छीछालेदर हो। वह उससे बचने के रास्ते खोजती है। यदि सरकार का दामन साफ है और वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार है, तो उसे ऐसे किसी मुद्दे का सामना करने से हिचकना नहीं चाहिए, पर ऐसा हो नहीं रहा। विपक्षी दलों का आरोप है कि जब भी सरकार के पास उनके सवालों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं होता, तो वे संसद को ठप्प कर देती है, पर इसके लिए विपक्ष को ही जिम्मेदार ठहराती है। भ्रष्टाचार की बात करें तो दुनिया के देशों में भ्रष्टाचार के सूचकांक को जारी करने वाली संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में बताया है कि भारत का 28 लाख करोड़ से भी अधिक का धन अवैध रूप से विदेशों में जमा है। ऐसी ठोस और विश्वसनीय रिपोर्ट के बाद किसी भी सरकार को हरकत में आना चाहिए था और इस एजेंसी व ऐसी अन्य एजेंसियों की मदद से इस रिपोर्ट के आधार बिंदुओं की जांच करनी चाहिए थी, जिससे भ्रष्टाचार की जड़ पर कुठाराघात किया जा सकता। पर सरकार किसी भी दल की क्यों न रही हो जब-जब उससे इस बाबत पूछा गया कि उसने इस रिपोर्ट को लेकर तथ्य जानने की क्या कोशिश की, तो सरकार का उत्तर था, चूंकि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल नाम की संस्था भारत सरकार का अंग नहीं है, इसलिए उसकी रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। इंडिया गठबंधन अगर सोचता है कि वह देश में अडानी मुद्दे और इवीएम के मुद्दों पर बोफोर्स जैसा माहौल बना लेगा, तो यह संभव नहीं लगता। क्योंकि बोफोर्स के समय नेतृत्व देने के लिए विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसी साफ छवि वाला नेता मौजूद था और आज के राजनेताओं में ऐसा एक भी चेहरा नहीं जिसे देश की जनता बेदाग मानती हो। जब नेतृत्व में ही जनता का विश्वास नहीं तो ऐसे मुद्दों पर जन आंदोलन कैसे बनेगा? हां अगर विपक्ष एकजुट होकर किसी साफ छवि वाले नेता को अपना नेतृत्व सौंपती है, तब संभावना अवश्य है कि जनता का कुछ विश्वास हासिल किया जा सके, परंतु देश की संसद में गतिरोध पैदा करके सिवाय करदाता के पैसे की बर्बादी के अलावा कुछ नहीं हो रहा। इसलिए सत्तापक्ष और विपक्ष को इस गतिरोध को जल्द से जल्द खत्म कर देना चाहिए।

**पिछले कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि जब भी विपक्ष सरकार को भ्रष्टाचार या अन्य किसी मुद्दे पर घेरने की कोशिश करता है, तो संसद का वह सत्र शोर-शराबे के बीच बर्बाद हो जाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है। भारत की विविध भाषाएं भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है।

# मातृभाषा से अन्य भाषा तक भारतीयता की विशिष्ट पहचान को पुनर्जीवित करना



**धर्मेंद्र प्रधान**



भारतीय भाषा उत्सव, हमारी विविध भाषाई विरासत को मनाने और 11 दिसंबर को श्रद्धेय महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर 4 से 11 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। एक सप्ताह का उत्सव वर्तमान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहा है। 'भाषाओं के माध्यम से एकता' इस वर्ष के समारोह का मुख्य विषय है, जो भारत की सभ्यता की विशिष्ट पहचान है। अभी कुछ महीने पहले 3 अक्टूबर, 2024 को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच भाषाओं - मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बांग्ला को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा देकर एक तरह का इतिहास रच दिया, इस प्रकार तमिल, संस्कृत, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओड़िया जैसी पहले से मान्यता प्राप्त छह अन्य शास्त्रीय भाषाओं के दायरे का विस्तार किया। भारत की उत्कृष्ट भाषाई विरासत की गहन स्वीकृति के रूप में, यह घोषणा उन सभी लोगों के लिए अत्यंत गौरव की बात है जिनकी ये भाषाएं मातृभाषा है। भारत की विविध भाषाएं भारतीयता की अभिव्यक्ति हैं और ये हमारी भारतीय ज्ञान प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं और वे भारतीयता की आत्मा हैं और इसलिए सम्मान की पात्र हैं। भाषाई विविधता राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक व्यक्ति को भाषाई गौरव को सम्मान की निशानी के रूप में धारण करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भी इसका उदाहरण दिया जब उन्होंने जोर देकर कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र में भी गर्व के साथ भारत की भाषाएं बोलता हूं। अगर श्रोताओं को तालियां बजाने में थोड़ा समय लगे, तो लगे। यह कथन भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है और भाषाई गौरव के मूल्य को उजागर करता है।

**भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है।**

भारत एक ऐसी भूमि है, जहां न केवल अनेक भाषाएं हैं, बल्कि एक दूसरे का सम्मान भी करती हैं। यह एक से अधिक भाषा के उत्कृष्ट इस्तेमाल का सटीक उदाहरण है। हमारी भाषाई विविधता एक समृद्ध, जटिल ताने-बाने का निर्माण करती है, जो हमारी राष्ट्रीय पहचान को एक साथ बुनती है और साथ ही देश की एकता को विविधता के बीच पोषित करती है। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस सांस्कृतिक शक्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ा। 2 फरवरी 1835 को, थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसे मैकालेज मिनट ऑन इंडियन एजुकेशन के रूप में जाना जाता है, जिसमें देशी भाषाओं पर अंग्रेजी को प्राथमिकता दी गयी थी, जिसका उद्देश्य ब्रिटिश हितों के प्रति वफादार भारतीयों का एक वर्ग बनाना था, जो पीढ़ियों को उनकी सांस्कृतिक और भाषाई जड़ों से अलग कर रहा था, तब से, उपनिवेशवाद का दीर्घकालिक प्रभाव काफी लंबे समय तक रहा, जिसने हमारे सांस्कृतिक और भाषाई गौरव को गंभीर चोट पहुंचाई है।

भारत में भाषाई जनसांख्यिकी समृद्ध और विविध है, जिसमें से 80 प्रतिशत आबादी खुद को गैर-अंग्रेजी, मूल भाषा बोलने वालों के रूप में पहचानती है। गहन शिक्षा के मूल में मातृभाषा है। हमारी भाषाएं केवल संचार के उपकरण नहीं हैं - वे इतिहास, परंपराओं और लोककथाओं के भंडार हैं, जो पीढ़ियों के सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करती हैं और एक अद्वितीय विश्वदृष्टि प्रदान करती हैं। रचनात्मकता और भावनात्मक बुद्धिमत्ता से भरपूर बच्चे तब फलते-फूलते हैं, जब उनकी शिक्षा उनकी मूल भाषा में शुरू होती है। अपनी मातृभाषा में एक प्राइमर घर से कक्षा तक एक निर्बाध पुल का निर्माण करता है, उन्हें 'मातृ' भाषा से 'अन्य' भाषा तक का मार्गदर्शन - बोलने से लेखन, शब्दावली से शब्दार्थ और भाषा से विषय की समझ में परिवर्तन करता है। जैसा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने मार्मिक रूप से कहा था, एक बच्चा पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि अपनी मां से बोलना सीखता है। मातृभाषा में शिक्षा बुनियादी समझ से लेकर जटिल विचार तक स्वाभाविक प्रगति को बढ़ावा देती है।

भारत की भाषाई विविधता बौद्धिक और सांस्कृतिक संपदा का खजाना है। कश्मीर की बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर कन्याकुमारी के धूप से सराबोर तटों तक और कच्छ के बंजर विस्तार से लेकर कोहिमा की हरी-भरी पहाड़ियों तक, हमारी भाषाएं हमारे लोगों को अंदर से जोड़ती हैं। बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाना न केवल उनकी विरासत से जुड़ाव को बनाए रखता है, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए तैयार भी करता है। मातृभाषा में एक मजबूत नींव रख कर, हम बच्चों को अधिक आसानी और समझ के साथ अन्य भाषाओं और विषयों में महारत हासिल करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 ने इस दृष्टिकोण को पूरी तरह अपनाया है। अपनी भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने की कोशिश करते हुए, एनइपी ने मातृभाषा को प्रारंभिक शिक्षा के केंद्र में रखा है, यह स्वीकार करते हुए कि भाषा केवल सीखने का एक साधन नहीं है, बल्कि पहचान को आकार देने, आत्मविश्वास का निर्माण करने और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देने का एक मुख्य घटक है।

एनइपी 2020 बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और अध्ययन सामग्री तक समान पहुंच को आवश्यक बनाता है।

यह शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से देश की विविध भाषाई विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के संदर्भ में, संयोजन पर विशेष जोर देता है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के भाषा संगम कार्यक्रम और मशीन अनुवाद केन्द्र से लेकर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी पुस्तकों सहित पुस्तकों के अनुवाद ऐप आधारित अनुवाद से लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय भाषा समिति द्वारा अस्मिता - अनुवाद और अकादमिक लेखन के माध्यम से भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री का संवर्धन - पहल तक, शिक्षा को समावेशी बनाने के लिए भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के लिए अच्छी तरह से प्रयास किये गये हैं। इसके अलावा 79 भारतीय भाषाओं में प्राइमर तैयार करने की सरकार की अभूतपूर्व पहल एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में शुरुआती वर्षों के दौरान बच्चों को उनकी मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। ये प्राइमर, अन्य शैक्षिक सामग्री के साथ, सिर्फ. संसाधन से कहीं ज्यादा हैं - ये रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और आजीवन सीखने के प्रवेश द्वार हैं। भाषा हमारे विचारों को आकार देती है, हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है और हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती है। एनइपी 2020 एक नये युग की शुरुआत है, जहां बच्चे अपनी मातृभाषा में सीख सकते हैं और धीरे-धीरे अन्य भाषाओं में महारत हासिल कर सकते हैं। अपनी शिक्षा प्रणाली को उपनिवेशवाद से मुक्त करके, हम विचारकों की एक ऐसी पीढ़ी का पोषण करना चाहते हैं जो न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करे, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी आगे बढ़ाये। यह परिवर्तन केवल एक नीतिगत बदलाव नहीं है - यह एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करता है। जब हम भविष्य की ओर देखेंगे, शैक्षिक उत्कृष्टता और सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक उन्नति भारत की भाषाई विविधता का आधार होगी। इस अमृत काल में, जब हम विकासशील भारत के एजेंडे पर काम कर रहे हैं, हमारी मातृभाषाएं विकास के शक्तिशाली साधन बनने के लिए तैयार हैं। आइए हम अपनी भाषाई विरासत को अपनी प्रगति का आधार बनायें, क्योंकि भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रहा है।

## देश-विदेश की खबरें

### राज्यसभा में सभापति और विपक्ष के नेता में जोरदार बहस

# धनखड़ ने खुद को बताया किसान का बेटा खड़गे भी बोले:मेरा संघर्ष आपसे भी ज्यादा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव और हंगामे को लेकर शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ विपक्ष पर बुरी तरह भड़क गये। सदन में शोर-शराबे के बीच जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी से कहा कि आप लोग तो 24 घंटे यही काम करते हैं। लेकिन मैं किसान का बेटा हूं और कमजोर नहीं हूं। मैं देश के लिए मर जाऊंगा, लेकिन मैंने झुकना नहीं सीखा है। यहां एक किसान का बेटा क्यों बैठा है। मैंने बहुत कुछ बर्दाश्त किया। आपको किसी के खिलाफ प्रस्ताव लाने का अधिकार है, लेकिन आप तो संविधान का ही अपमान कर रहे हैं। सभापति धनखड़ की इस बात पर राज्यसभा में विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह दूसरे दलों के नेताओं के खिलाफ बोलने के लिए भाजपा के नेताओं का उत्साहवर्धन करते हैं। उन्होंने कहा, मैं भी किसान का बेटा हूं। मैंने आपसे ज्यादा संघर्ष किया है। आप हमारी पार्टी के नेताओं का अपमान कर रहे हैं। आप कांग्रेस का अपमान कर रहे हैं। हम यहां आपकी प्रशंसा सुनने नहीं, बल्कि चर्चा करने आये हैं। धनखड़ ने कहा, मैं पीड़ा महसूस कर रहा हूं। मेहरबानी करके आप भी कुछ सोचिए। मैंने आपको इज्जत देने में कई कमी नहीं की है। मैंने बहुत दुख बर्दाश्त किया है। उन्होंने कहा, आज किसान खेत तक सीमित नहीं, बल्कि हर जगह काम कर रहे हैं। वे उद्योगों में हैं और नौकरियों में भी हैं। आप लोगों ने संविधान की धज्जियां उड़ा दीं। आपका प्रस्ताव आ गया है और अब 14 दिन बाद इसपर फैसला हो जायेगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने विपक्ष पर नाराजगी जताते हुए और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को संबोधित करते हुए कहा कि आप अनुभवी नेता हैं, फिर भी आपने हमें क्या-क्या नहीं कहा। आपने एक मुहिम चला रखी है। प्रमोद तिवारी जी, आपने तुम-तुम कर क्या बात की है। खड़गे जी की इज्जत करता हूं। मैं अनुरोध करता हूं कि मान्यवर मुझ पर कृपा करिए। जो समय ठीक लगे, मुझसे मिलने का समय निकालिए। आप नहीं आ सकते, तो मैं खुद आऊंगा। इसके बाद खरगे और धनखड़ के बीच तीखी बहस शुरू हो गयी। धनखड़ ने कहा, सबकी सुनूंगा। किसी भी हालत में कमजोर नहीं पड़ूंगा। आपको कल समय दिया। आप बोल नहीं पाये। खड़गे ने कहा कि आपको अगर सदन को चलाना है, तो आपको भेदभाव नहीं करना चाहिए। इसके बाद धनखड़ ने होथ जोड़कर कहा, आपने समय का कैसे उपयोग किया। कुछ तो दिल पसीजा होगा। उन्होंने कहा, आप खुद सोचिए और सोने से पहले चिंतन कीजिए कि आपके लोग क्या करते हैं। खड़गे ने कहा, मैं तो किसान-मजदूर का बेटा हूं। आप सबको बोलने दे रहे हैं और आप हमारी पार्टी के लोगों का अपमान कर रहे हैं। अगर आप ऐसे ही सदन चलाना चाहते हैं, तो इसकी जिम्मेदारी आपकी है। खड़गे ने कहा, यहां हम आपकी तारीफ करने नहीं आये हैं। इसपर धनखड़ ने तंज कसते हुए कहा, पूरा देश जानता है कि आपको किनकी तारीफ पसंद है।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में पूर्व प्राचार्य को जमानत


**90 दिन में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पायी सीबीआइ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल को सियालदह की अदालत ने जमानत दे दी है। मामले में 90 दिन बीत जाने के बाद भी सीबीआइ चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी। इस कारण दोनों को जमानत दी गयी है। सियालदह अदालत में केवल बलात्कार-हत्या के आरोपों के मामले चल रहे हैं, जिसमें उन्हें जमानत मिली है। हालांकि दूसरे मामले, यानी आरजी कर अस्पताल में भ्रष्टाचार के मामले में संदीप घोष को जमानत नहीं मिल सकी है। शुक्रवार को सुनवाई के समय सीबीआइ ने अदालत को बताया कि आज पूरक आरोप पत्र दाखिल नहीं कर सकते। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जमानत दे दी।

# वे संविधान की प्रति जेब में रखते हैं, उन्होंने अपने पूर्वजों से यही सीखा : राजनाथ सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को संविधान पर चर्चा की शुरुआत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। उन्होंने कहा कि 75 साल पहले संविधान सभा ने संविधान निर्माण का काम पूरा किया था। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। संविधान से देश में सही मायने में लोकतंत्र लागू हुआ। हमारा संविधान सार्वभौम है, जहां यह राज्य की जिम्मेदारियों को सूचीबद्ध करता है, तो वहीं नागरिकों के अधिकारों का भी उल्लेख करता है। हमारा संविधान सहकारी सघंवाद को सुनिश्चित करता है, तो राष्ट्र की एकता को भी सुनिश्चित करता है।

**एक पार्टी की देन नहीं है संविधान :** राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा हमारे संविधान को उपनिवेशवाद का उपहार या अच्छी बातों का संकलन मात्र मान लिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को नकार दिया गया। हमारे संविधान के लिखे जाने से छह साल पहले यानी 1934 में 'कांस्टिट्यूशन ऑफ हिंदुस्तान फ्री स्टेट' में कई बड़े नेताओं ने संविधान के बारे में अपने विचार दिये थे। इसमें धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने, प्रत्येक नागरिक को अपनी संस्कृति और भाषा की रक्षा करने, सरकार को धर्म के आधार पर धर्मनिरपेक्ष बताया गया था। सार्वजनिक अनुदान वाले स्कूलों को धार्मिक शिक्षा देने पर मनाही थी और खास बात ये है कि ये बात उन लोगों ने कही थी, जिन्हें कांग्रेस के लोग सांप्रदायिक बताते हैं।

**संविधान निर्माण के काम को हाइजैक करने की कोशिश की गयी :** राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधाते हुए कहा कि एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के काम को हाइजैक करने की कोशिश हमेशा की गयी। संविधान में संविधान निर्माण से जुड़ी बातें हमेशा छिपायी गयीं। हमारा संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। यह भारत के लोगों के लिए, भारत के मूल्यों के अनुरूप बनाया गया। हमारे देश में राजा भी राजधर्म से बंधा है। उसकी शक्तियां लोगों के कल्याण के लिए हैं।

**कांग्रेस को कभी संस्थानों की आजादी हजम नहीं हुई :** राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस को कभी भी संस्थानों की आजादी हजम नहीं हुई। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को राजनीतिक हित साधने का माध्यम बनाया। आज विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर चलते हैं। दरअसल उन्होंने बचपन से ये ही सीखा है। उनकी परिवार में संविधान को जेब में ही रखा गया, लेकिन भाजपा संविधान को सिर माथे पर लगाती है। हमने कभी संविधान की स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। संविधान के सिद्धांत हमारे मन, कर्म और वचन में हमेशा दिखाई देंगे। बाबा साहेब आंबेडकर ने भी माना था कि संविधान भविष्य की सभी जरूरतों को पूरा नहीं कर पायेगा, इसलिए उसमें संशोधन का प्रावधान किया गया। रक्षा मंत्री ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की तरह हमने कभी संविधान को राजनीतिक हित साधने का जरिया नहीं बनाया। 2003 में जब अटल बिहारी वाजपेयी पीएम थे, तो हमने मंत्रिपरिषद के आकार को कम करने का काम किया। आजाद भारत का इतिहास देख लीजिए। कांग्रेस ने सिर्फ संविधान संशोधन ही नहीं किया, बल्कि धीरे-धीरे संविधान बदलने का प्रयास किया गया। पंडित नेहरू के समय 17 बार संविधान में बदलाव किये गये। इंदिरा गांधी के समय 28 बार, राजीव गांधी के समय 10 बार और मनमोहन सिंह के समय सात बार संविधान में बदलाव किये गये। ये या तो विरोधियों को चुप कराने के लिए लागू किये गये या फिर गलत नीतियों को लागू करने के लिए। संविधान निर्माण के बाद मौलिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की गयी, जिसके खिलाफ बाबा साहेब आंबेडकर ने तब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। राजनाथ सिंह ने कहा कि ये राजनीति का चरित्र है, ये जैसे लोगों के हाथों मे जाती है, वैसी बन जाती है। पिछले सात दशकों में संविधान को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। ये हमारा कर्तव्य है कि हम संविधान की पवित्रता को भंग न होने दें। ये सरकार संविधान की पवित्रतता को भंग नहीं होने देगी। जब अन्य एशियाई देश औपनिवेशिक गुलामी से आजाद हुए, तो उनका संविधान एक औपनिवेशिक उपहार था, लेकिन भारत ने अपना संविधान अपने लिए खुद रचा, जो हमारे लिए गर्व की बात है। जहां अन्य देशों के संविधान ज्यादा टिक नहीं पाये, वहीं भारत का संविधान आज भी मजबूत बना हुआ है। संविधान के संरक्षक के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को हम सब मानते हैं।

# प्रियंका ने संविधान और अडाणी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा

**लोकसभा में पहला भाषण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** केरल के वायनाड से जीतकर संसद पहुंचीं प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में अपना पहला भाषण दिया। इसमें उन्होंने भी कई ऐसे मुद्दे उठाये, जिन्हें उनके भाई और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से उठाते रहे हैं। उद्योगपति गौतम अडाणी, जातिगत जनगणना, संविधान, मणिपुर हिंसा आदि मुद्दों के जरिये प्रियंका ने साफ कर दिया कि वह भी भविष्य में राहुल गांधी के ही रास्ते पर चलने वाली हैं। कांग्रेस महासचिव के पहले भाषण को देखकर राजनीतिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह तो अभी ट्रेलर है और आने वाले समय में भी प्रियंका इसी तरह के मुद्दों के जरिये भाजपा सरकार पर हमला करती रहेंगी।

लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा करते हुए प्रियंका ने संविधान और अडाणी के मुद्दे पर भाजपा को जमकर घेरा। उन्होंने सरकार पर भय फैलाने का आरोप लगाया और कटाक्ष करते हुए कहा कि शायद प्रधानमंत्री यह समझ नहीं पाये हैं कि संविधान 'संघ का विधान' नहीं है। प्रियंका ने कहा, संविधान में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का वादा है। यह वादा एक सुरक्षा कवच है, जिसे तोड़ने का काम शुरू हो चुका है। आज सत्ता पक्ष बार-बार संविधान इसलिए कह रहा है, क्योंकि इस चुनाव में हारते-हारते जीतने के बाद उन्हें पता चल गया कि देश की जनता ही संविधान को सुरक्षित रखेगी और संविधान बदलने की बात इस देश में नहीं चलेगी।

प्रियंका ने अडाणी के नाम का जिक्र करते हुए कहा, देश देख रहा है कि किस तरह एक व्यक्ति को बचाने के लिए देश की जनता को नकारा जा रहा है। सारे बिजनेस, सारे संसाधन, सारी दौलत, सारे मौके एक ही व्यक्ति को सौंपे जा रहे हैं। देश का बंदरगाह, पोर्ट, एयरपोर्ट, सड़कें, रेलवे, सरकारी कंपनियां सिर्फ एक ही व्यक्ति को दी जा रही हैं। जनता के मन में हमेशा विश्वास होता था कि अगर हमारे पास कुछ नहीं है, तो संविधान हमारी सुरक्षा करेगा। लेकिन आज आम लोगों के बीच यह धारणा बनती चली जा रही है कि सरकार सिर्फ अडाणी के मुनाफे के लिए चल रही है।प्रियंका ने मणिपुर हिंसा का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा, जहां भाइचारा और अपनापन होता था, वहां घृणा और शक के बीज बोये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सदन में संविधान को माथे पर लगाते हैं, लेकिन जब संभल, हाथरस और मणिपुर में न्याय की गुहार उठती है, तो उनके माथे पर शिकन नहीं आती। जिस मोहब्बत की दुकान पर सरकार के लोगों को हंसी आती है, उसके साथ देश के करोड़ों लोग चले।

# चुनाव हारने के बाद झामुमो कार्यकर्ता तिलमिला गये हैं : विनोद चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा है कि विधानसभा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को करारी शिकस्त मिलने के बाद पूरी तरह से विचलित और तिलमिला गये हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह आम चर्चा है कि जल जीवन मिशन और बालू के कालाबाजारी में कमाये गये अवैध धन का चुनाव में जमकर दुरूपयोग हुआ और जिन लोगों को मिथिलेश ठाकुर ने वोट डलवाने के नाम पर या वोट दिलाने के नाम पर पैसा दिया। चुनाव हारने के बाद समीक्षा के नाम पर सभी गढ़वा रंका विधानसभा के निर्दोष लोग जिनको उन्होंने पैसा दिया था, बुलाकर पैसा वापस करने की धमकी दे रहे हैं। विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर को सोचना चाहिए कि 117000 वोट चाइबसा के लोग नहीं दिये हैं। यहीं के भोले भाले लोगों से ठगकर, पैसा के लोभ में आपने वोट लेने का काम किया है। फिर पैसा वापसी के लिए धमकी और दबाव देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोगों को मैं स्पष्ट शब्दों में बता देना चाहता हूं कि गढ़वा रंका विधानसभा के कोई भी व्यक्ति को मानसिक प्रताड़ना करना बंद करें। अन्यथा पूरे गढ़वा विधानसभा के लोग झामुमो का ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। गढ़वा रंका विधानसभा के लोगों का मानसिक भयादोहन करना बंद करिये।

# झामुमो नेताओं ने सत्येंद्रनाथ तिवारी का पुतला फूंका

पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर ऐसे भ्रामक बयान के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का पुतला फूंका। इस दौरान झामुमो नेताओं ने विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर विधान सभा में गलत बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला दहन कर विरोध जताया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपने आचरण के अनुरूप विधानसभा में भी सफेद झूठ परोसने का काम कर रहे हैं। वह अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में इतने अंधे हो गये हैं कि किसी के मौत पर गंदी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दुख की घड़ी में एक पंचायत प्रतिनिधि के परिवार के साथ खड़ा होने की बजाय उसकी इज्जत को सरेआम लोकतंत्र की मंदिर में तार-तार करने का काम विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने किया है। झामुमो नेताओं ने कहा कि उन्होंने मृतक के परिवार, उनके समाज, गढ़वावासी सहित पूरे पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान किया है। विधायक बनने के बाद उन्होंने रंका मुखिया को उनके कार्यकाल की जांच करने की धमकी दी इसी भय के कारण उन्होंने आत्महत्या कर लिया है। परंतु झामुमो के नेता-कार्यकर्त्ता ऐसी घटिया राजनीति में विश्वास नहीं करते। अगर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के वक्तव्य में जरा सी भी सच्चाई है तो वह उसे प्रमाणित करने का काम करें। विगत वर्ष भी उनके द्वारा तथ्यहीन आरोप के विरुद्ध पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उनपर मानहानि का केस किया था जो अभी न्यायालय में लंबित है। निराधार और झूठ के सहारे जनता को गुमराह करने की कोशिश के खिलाफ उनपर पुनः मानहानि का मुकदमा किया जायेगा। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा विधानसभा के माननीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर ऐसे भ्रामक और निर्लज बयान के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया जा रहा है।

मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य कंचन साहू, चुटिया मुखिया मनोज गुप्ता, दीपक सोनी, दिव्य प्रकाश केसरी, संजय संस्कार, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, वंदना जायसवाल, सचिव चंदा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, दशरथ प्रसाद गुप्ता, भरत केसरी, भोला केसरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता, विनोद जायसवाल, वरिष्ठ नेता फरीद खान सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया के निधन पर प्रखंड सभागार में शोक सभा



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित रंकाकला सदर पंचायत के मुखिया एवं राजेश कुमार मद्धेशिया की धर्मपत्नी सविता देवी की असामयिक निधन पर अंचलाधिकारी शिव पूजन तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। अंचलाधिकारी शिव पूजन तिवारी ने कहा कि रंकाकला पंचायत की मुखिया सविता देवी की असामयिक निधन हो जाने पर हम सब अंचल एवं प्रखंड कर्मी काफी दुखी और मर्माहत हैं। इस मौके पर बीपीओ (मनरेगा) सोनू कुमार, बीडब्ल्यूओ पंकज तिवारी, प्रखंड आवास समन्वयक उतम रंजन, प्रखंड प्रधान सहायक मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में प्रखंड एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य का बिमारी से निधन



छठनी देवी की फाइल फोटो

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** मझिगावा पंचायत पूर्वी की पंचायत समिति सदस्य छठनी देवी 63 वर्ष पति नरेश पासवान की मृत्यु शुक्रवार की सुबह हो गयी। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मझिगावां पंचायत समिति सदस्य पूर्वी छतरी देवी पीते कई महीने से बीमार चल रही थी। जिनका इलाज कई बड़े शहरों में हुआ परंतु उनके स्वास्थ्य में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ, उनका स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरता ही गया। शुक्रवार की सुबह ही उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनके मृत्यु की सूचना मिलते ही जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों का परिजनों को सांत्वना देने वालों का घर पर तांता लग गया। उधर पंचायत की मुखिया रीता देवी व प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने उनके मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया है। छठनी देवी अपने पीछे पति सहित बाल बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गयी है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां पूर्व में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा के माध्यम से किया गया। जिसमें 12 सदस्यों का चयन किया गया, चयनित सदस्यों में से अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार में गुप्त मतदान द्वारा सुरेन्द्र राम का चयन किया गया। जबकि संयोजक पद हेतु दो उम्मीदवार के बीच चयनित सदस्यों द्वारा गुप्त मतदान कराया गया। जिसमें सीमा देवी का संयोजिका पद हेतु चयन किया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष पद हेतु सर्व समिति से संध्या देवी का चयन किया गया। चुनाव हेतु पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी शांतिपूर्ण वातावरण में विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह पूर्व मुखिया पति रमेश रजवार, राहुल चौबे, देव कुमार साह, रामनाथ बैठा, सहित कई लोग मौजूद थे।

### बेलचंपा कोयल नदी में मिली महिला के शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया

# एक महिला सहित चार गिरफ्तार

ससुराल पक्ष की साजिश से हुई महिला की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव स्थित कोयल नदी से बरामद महिला के शव के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। गढ़वा पुलिस ने छत्तीसगढ़ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जवाहर नगर निवासी रमेश मंडल, लतिका मंडल, संतोषी नगर निवासी शांति मंडल और पीरुडीह गांव के वीरा लकड़ा शामिल हैं।

गढ़वा थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नीरज कुमार ने बताया कि 30 सितंबर को बेलचंपा कोयल नदी पुल के पाया संख्या 11 से एक महिला का शव बरामद हुआ था। मृतका की पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र के गुरूचंद मंडल की पत्नी रीना गिरी के रूप में हुई।

रीना के भाई बदला गिरी ने गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उसकी बहन अपने ससुराल से गायब है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रीना के ससुराल में लंबे समय से विवाद चल रहा था और ससुराल वाले उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच रहे थे।

29 सितंबर को रीना गिरी का अपहरण कर गढ़वा लाया गया। वीरा लकड़ा और रमेश मंडल ने अपनी चारपहिया वाहन होंडा अमेज से उसे लाया और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को कोयल नदी पुल से नीचे फेंक दिया ।

एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में रीना के पति को बलरामपुर पुलिस ने पहले ही हिरासत में लिया था। हालांकि, उसने हिरासत के दौरान हजार में ही आत्महत्या कर ली। हत्या के षड्यंत्र में शामिल तीन नामजद आरोपियों समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

प्रेस वार्ता में पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश यादव, प्रदीप यादव, आरक्षी राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार और सहायक पुलिस प्रियंका मिंज मौजूद थे।

## शादी का झांसा दे बनाया संबंध, केस दर्ज

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** बरडीहा थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव की एक युवती के साथ मझिआंव थाना क्षेत्र के गवारवा टोला निवासी गोविंद रजवार के पुत्र सह कनीय अभियंता (बरडीहा) छोटन रजवार के द्वारा पिछले एक वर्षों से युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इधर इस संबंध में युवती ने बताया कि पिछले दो वर्ष पूर्व गवरवा टोला में हम अपने मौसी के घर गयी थी। इसी बीच मेरी मुलाकात छोटन रजवार से हुई। जिसके बाद 1 वर्षों तक छोटन रजवार ने मुझसे वातालाप करता रहा, उसके बाद उसने मुझे शादी करने का झांसा देकर पिछले 1 वर्षों से मुझसे शारीरिक संबंध बनाया। इस 1 साल के अंतराल में दो बार प्रेग्नेंट हो गयी, और छोटन रजवार ने दोनों बार मुझे दवा खिलाकर अबॉर्शन करा दिया। इसी बीच उससे शादी करने के लिए बोली तो उसने कहा कि बरडीहा प्रखंड में कनीय अभियंता के रूप में मेरी नौकरी हो गयी है। तुम लोग गरीब हो तुम्हारा बाप मुझे दहेज नहीं दे पायेगा, इसलिए मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा।

# महिलाओं को 2500 रुपये भत्ता देने से कतरा रहा है झामुमो : भाजपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो सरकार पर प्रहार करते हुए कहा है कि झामुमो सरकार महिलाओं को धोखा देने का काम किया है। मंईया सम्मान योजना के नाम पर चुनाव में 1000 रुपये देकर वोट लिए और सत्ता में आने के बाद महिलाओं के बीच योग्य एवं अयोग्य महिला को खोजने लगे। उन्होंने कहा कि झामुमो का चाल चरित्र जनहित में नहीं है झामुमो ने हर समय जनता को ठग कर ही सत्ता हासिल किया है। 2019 में पांच लाख युवाओं को रोजगार पांच से सात हजार बेरोजगारी भत्ता देने सहित अन्य कई लुभावने वादे किये थे। वहीं फिर 2024 विधानसभा चुनाव में सभी महिलाओं को बिना शर्त 2500 रूपए भत्ता 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने सहीत अन्य कई लुभावने वादे किये हैं। फिलहाल 2500 रुपए महिलाओं को देने के नाम पर तरह तरह का नाटक शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मंईया सम्मान योजना के नाम पर अन्य विभागों से राशि वापस मंगा रही है। जिससे उन सभी विभागों पर ताले लटक जायेंगे। झामुमो सरकार कुछ महिलाओं से पहले दिया हुआ राशि भी वापस लेना चाहती है जो महिलाओं का सीधा अपमान है।

## रंका के थाना प्रभारी बने अनिमेष शांतिकारी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना प्रभारी के रूप में शुक्रवार को अनिमेष शांतिकारी ने योगदान दिया है। इस अवसर पर उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध पर पूर्ण नियंत्रण नियंत्रण रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आमजनों को कानूनी सहुलियत और सहायता पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जायेगा। साथ ही रंका बाजार क्षेत्र को जाम से मुक्ति दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा।

## शौकत खान ने किया कंबल का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** इस कड़ाके कि ठंड में समाजसेवी शौकत खान और उनके पुत्र साजिद खान ने मिलकर मानवता कि सेवा कर रहे हैं। प्रतिदिन दिन में कपड़ा बैंक से और रात में पुरे शहर में घुम घुमकर गरीबों के बीच कंबल वितरण कर रहे हैं। जब तक कि ठंड का मौसम खत्म नहीं हो जाता, शौकत कहते हैं कि प्रतिदिन कपड़ा बैंक से 11 बजे से 2 बजे तक उनके आवास से 24 घंटे में कभी भी कोई जरूरतमंद लोग कम्बल प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही शौकत खान और इनके पुत्र साजिद खान रात में सोने से पहले प्रतिदिन कार में कम्बल और भोजन का पैकेट लेकर निकलते हैं । जो भी जरुरतमंद लोग रेलवे स्टेशन, सब स्टैंड, आउटों स्टैंड, में आने जाने वाले मुसाफिर या रात में ठेला लगाकर रोजगार करने वाले भाई बंधू के साथ रिक्शा चालक, टेम्पु चालक लोगों को कम्बल उपलब्ध कराते रहते हैं खोज खोजकर उन्हें खाने का पैकेट और कंबल प्रदान करते हैं।

## डंडई मुख्य बाजार में अलाव की व्यवस्था

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में अत्यधिक ठंड का प्रकोप को देखते हुए अंचलाधिकारी राजकुमार प्रजापति के निर्देश पर डंडई मुख्य बाजार स्थित सीरिस पेड़ पास अलाव की व्यवस्था करायी गयी है। जिससे ठेला, दिहाड़ी मजदूरों के आम अवाम को इस ठंड व कनकनी से कुछ राहत मिली है। ग्रामीणों ने पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते डंडई के अम्बेडकर चौक, लवाही मोड़, देवी धाम के साथ साथ पंचायत के विभिन्न गांव के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग स्थानीय प्रशासन से किया है। वही बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था हो जाता तो वृद्ध व असहाय लोगों सहूलियत हो सके। ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्यक चौक चौराहे पर सुबह शाम लोगों की भीड़ हमेशा देखा जाता है।

# किसान अपना धान खुले बाजार में कम दाम पर न करें बिक्री : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसम्बर, 2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होना है। धान अधिप्राप्ति की सभी प्रारंभिक तैयारियां यथा- अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन, राइस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका है। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपए 2,300 प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस रुपये 100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। इसके लिए जिले में कुल 52 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन किया गया है, जहां दिनांक 15 दिसंबर 2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू होगा।

उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने-पौने दाम पर धान बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि किसानों के बीच 15 दिसम्बर, 2024 से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना तथा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी एवं जागरूकता का अभाव है। उन्होंने जिले के सभी किसान भाइयों से अपील किया है कि किसी भी बिचौलिये के माध्यम से अथवा खुले बाजार में अपने धान की बिक्री औने-पौने दाम पर ना करें। जिले के विभिन्न प्रखंडों में अधिष्ठापित धान अधिप्राप्ति केंद्रो पर ही धान की बिक्री करें।

## भंडार जंगल में मिला शव



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के भंडार गांव में एक व्यक्ति का शव जंगल से बरामद किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक छोटु भुइंया 62 वर्ष अपने घर से दुर जंगल में पशु चराने गया था। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने धुरकी थाना को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। वही थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक परिजनों का आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने पर पुलिस हर पहलु पर जांच करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कई बातें स्पष्ट हो जायेंगी। पुलिस पूरे मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## अभाविप ने डीइओ को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से अभाविप ने उच्च विद्यालय एवं +2 उच्च विद्यालयों में 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा फॉर्म में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि विद्यार्थियों से लेने वाले विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, परीक्षा फॉर्म भरने के उपरांत विद्यार्थियों को रसीद देना अनिवार्य करने, कांडी +2 उच्च विद्यालय में गणित, इतिहास,हिन्दी सहित विभिन्न विषयों के शिक्षकों की व्यवस्था करने एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की गई। विभाग सह संयोजक शशांक ने कहा कि विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म भरने में निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि लेना गलत है, ज्यादा शुल्क लेने वाले विद्यालयों में जांच कर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिसे जल्द से जल्द दूर करने का आग्रह किया गया है साथ ही विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म भरने में हो रही अवैध वसूली के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर अभाविप आंदोलन को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा यादव, प्रिंस सिंह, सचिन चौबे, सुगंध बघेल, कमलेश कुमार मौजूद रहे।

# पोस्टर प्रतियोगिता में एनपी विवि ने जीता द्वितीय पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 5 से 11 दिसम्बर तक आयोजित सात दिवसीए राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में झारखंड की ओर से भाग लेते हुए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय टीम ने पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार जीता। पोस्टर प्रतियोगिता की विजेता सिमरन सोनी एवं रुही प्रवीण को मेडल एवं प्रशस्ती पत्र देकर बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य एवं एमजेपी रुहेलखंड के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने पुरस्कृत किया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विविध कॉलेजों से 8 वालेंटियर्स इस राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुए। विश्वविद्यालय की ओर से झारखंड टीम का कंटीजेंट लीडर एसपीडी कॉलेज एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा को बनाया गया। उक्त शिविर में एनपी विश्वविद्यालय से एसपीडी कॉलेज के लौकिक विश्वकर्मा, मौलिक विश्वकर्मा, सिमरन सोनी, वाइएसएन महिला महाविद्यालय, डालटनगंज की रुही प्रवीण, रिया कुमारी, एमके कॉलेज पांकी की ओर से सोनु कुमार, अर्पिक कुमार मेहरा तथा चांदनी कुमारी ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से सिमरन सोनी तथा रुही प्रवीण ने भाग लिया जिन्हे द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त एनएसएस एनपीयू की टीम ने एकल एवं समूह नृत्य, एकल व समूह गायन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें टीम ने आकर्षक प्रस्तुती दी। झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले एनपी विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स को पुरस्कार जितने पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने टीम के समस्त सदस्यों को बधाई दी है तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हत्या मामले में मेराल बीडीओ का पूर्व चालक गिरफ्तार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक पुराने केस में मेराल बीडीओ के पूर्व चालक ओम चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेराल थाना में वर्ष 2022 में दर्ज एक हत्या के मामले में ओम चंद्रवंशी नामजद अभियुक्त है। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार केस में वह भादवि की धारा 302/34 के प्राथमिकी अभियुक्त है जिसे गढ़वा के सोनपुरवा से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## मनरेगा जेइ और रोजगार सेवक की कार्यप्रणाली से पंचायतो में विकास कार्य तोड़ रहा दम



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में जेई और रोजगार सेवक की लापरवाही को लेकर पंचायत समिति की बैठक में मामला उठाते हुए इसपर कार्यवाई की मांग की है, इसके अलावा पंचायत में खराब पड़े नलजल योजना को ठीक करने, चेकनाका के समीप उखड़े हुए बिजली पोल को दुरुस्त करने समेत कई मांगों को उठाया। बैठक में बीडीओ ने जेई और रोजगार के मामले पर एक सप्ताह का समय मांगा है। अयुब खान ने बताया कि मनरेगा योजना की कूप निर्माण के लाभूक ग्राम चटुआग निवासी बुधराम बारला और सनीका मुंडा को माहात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत कूप निर्माण की स्वीकृति मिला था, इसकी खुदाई कर इसे बांधकर फैनल कर दिया लेकिन मापी पुस्तिका का संधारण के लिए महिनों से मनरेगा जेई का चक्कर लगा रहे हैं, जेई भी कूप निर्माण योजना की एम्बी बुक नहीं कर रहे हैं जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। लाभुक, महाजन से सुद्ध में राशि लेकर कूप का निर्माण कर दिया, अब हालात यह है कि लाभुक कर्ज में लिए पैसे का कई माह से प्रत्येक महीने एक हजार रुपए महाजन को सुद्ध भुगतान कर रहे हैं। जेई कार्यस्थल पर भी कभी नहीं जाते हैं, मापी पुस्तिका का संधारण नहीं करते इसके कारण कई योजनाओं में अनलिमिटेड भुगतान हो रहा है वहीं मापी पुस्तिका नहीं होने के कारण कुछ योजनाओं में भुगतान लंबित पड़ा हुआ है, प्रखंड में मनरेगा के कार्य में संलग्न बिचौलियों और ठिकेदारों का भुगतान तो तुरंत कर दिया जाता है लेकिन इस योजना में जो लाभुक स्वयं काम करते हैं उन्हें भुगतान से संबंधित इसी तरह की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है, मनरेगा से संचालित अधिकांश योजनाओं में एंबी बुक नहीं की जाती है, कई योजनाओं में बिना मापी पुस्तिका के भुगतान किया जा रहा है, इधर करीब दो माह से रोजगार सेवक का कोई अता पता नहीं है, मुखिया से पूछने पर बताया कि रोजगार सेवक फोन पर संपर्क में हैं, पंचायत आते हैं कि नहीं कोई जानकारी नहीं है। अयुब खान ने पंचायत में खराब पड़े नलजल योजना को ठीक करने, चेकनाका के समीप उखड़े हुए बिजली पोल को दुरुस्त करने समेत कई मांगों को उठाया।

## दो बच्चों की तालाब में डूबने से हुई मौत के बाद परिजनों से मिले बीडीओ



हेरहंज(आजाद सिपाही)। हेरहंज प्रखंड के चिरु पंचायत अंतर्गत हुम्बू ग्राम के कुसुम टोला में बुधवार की देर शाम फूलदेव उरांव के दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी थी, जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार शुक्रवार को परिजनों से मिले और उन्होंने परिजनों को कहा मृत्यु प्रमाण पत्र बनने के बाद अंचल द्वारा कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिजनों को आपदा प्रबंधन के तहत चार चार लाख रुपये मिलेगा। वहीं तत्काल में पीएम आवास देने की बात कही। सरकारी प्रावधान के तहत नगद और खाने पीने के लिए राशन उपलब्ध कराया गया। फूलदेव उरांव से पूछे जाने पर बताया कि हमलोग सभी परिवार मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करते हैं। एक माह पूर्व गांव में काम नही मिलने के कारण हम काम करने यूपी के जौनपुर जिला अंतर्गत प्रधानपुर ग्राम में ईंट भट्ठा में काम करने गए थे कि बुधवार की रात्रि में मुझे घटना के बारे में पता चला कि दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। इसके बाद मैं गुरुवार को घर पहुंचा और बच्चों को मिट्टी देकर दाह संस्कार किया।उधर ग्रामीणों के अनुसार 2023-24 में भूमि संरक्षण विभाग से यह तालाब का निर्माण कराया गया था। जिस तालाब में सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। तालाब में सीढ़ी नहीं रहने के कारण बच्चें गहराई पानी में डूब गया और उन दोनों की मौत हो गयी थी। तालाब का निर्माण के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी श्री कुमार से पूछे जाने पर बताया कि तालाब का निर्माण किसके द्वारा कराया गया है इसकी जानकारी ली जा रही है। कब बना है किसके द्वारा बनाया गया है,और कितना की लागत से बनाया गया है,सूचना बोर्ड नहीं रहने के कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है जांच की जा रही है।

### जिला खनन विभाग की कार्यशाला में निजी उपयोग का बालू सहज मिलने का मार्ग प्रशस्त

# मशीन से खनन और बालू के भंडारण पर रहेगी पूर्णतः रोक : डीडीसी

सत्यकाम



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। निजी और सरकारी निर्माण कार्यों में बालू की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने और बालू के अवैध कारोबार पर नियंत्रण लगाने को लेकर शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में कार्यशाला आयोजित कर मुखिया, पंचायत सचिव और अंचलाधिकारियों को जवाबदेही के साथ विस्तृत जानकारी दी गयी। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गांव के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संबंधित अंचलाधिकारियों को कार्यशाला में विस्तृत जानकारी दी। डीडीसी ने कहा कि, कैटिगरी वन के बालू घाटों पर किसी प्रकार से मशीन से बालू का खनन और भंडारण पूर्णता वर्जित होगा। कैटेगरी वन के बालूरघाट से बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए एसडीओ, डीएमओ और सीओ समेत जिला टास्क फोर्स के द्वारा छापामारी होगी। इनके द्वारा लगातार निगरानी और छापामारी की कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि कैटेगरी वन के बालू घाट को खनन पट्टा की स्वीकृति से बाहर रखा गया है। पंचायत के मुखिया और सचिव बालू घाट के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी निभाएंगे। इस स्तर से प्राप्त बालू का उपयोग घरेलू, सामुदायिक उपयोग एवं सरकारी योजनाओं में होगा। किसी हाल पर बालू का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता है। एक सौ रुपये घनफुट के हिसाब से पंचायत राशि की वसूली करेंगे। वसूली राशि पंचायत के अलग खाते में जमा होगी। पूल, शमशान घाट, इंटकवेल के निकट से बालू का उठा नहीं करने के लिए पंचायत की जिम्मेदारी होगी। अंचलाधिकारी द्वारा पंचायत को 50 पन्ने की की तीन अलग-अलग रंग की रसीद उपलब्ध कराया जाएगा। बालू घाट से बालू लेने से पहले आवेदक से आवेदन लेकर पंचायत सचिव राशिद जारी करेंगे। इसके बाद बालू का उठाव और परिवहन गैर व्यावसायिक कार्य पर किया जा सकेगा। इस मौके पर जिले के विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव समेत विभागीय अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## नाबालिग को तीन साल कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। किशोर न्याय बोर्ड लोहरदगा के प्रधान न्यायाधीश जयास्मिता कुजूर की अदालत ने शुक्रवार को न्यायिक सुनवायी के पश्चात 15 वर्षीय नाबालिक आरोपी को तीन साल की सजा का फैसला सुनाया है। आरोपित नाबालिग युवक पर 366 ए एवं 376 के आरोप प्रमाणित होने पर पांच-पांच हजार की अतिरिक्त अर्थदंड की सजा मिली है। इस संदर्भ में सहायक लोक अभियोजक चंदन राम गोंझु ने बताया कि, भंडारा थाना कांड संख्या 23/ 2021 में पीड़िता के परिजनों ने नाबालिक आरोपित युवक के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया था। सहायक लोक अभियोजक चंदन राम गोंझु ने बताया कि, भंडरा थाना क्षेत्र की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिक युवती अपने घर से पुस्तक खरीदने के लिए निकली थी। रास्ते में 15 वर्षीय आरोपित नाबालिक युवक बलपूर्वक उसे अपने साथ लेकर रांची चला गया। रांची के एक होटल में तीन-चार दिनों तक नाबालिक पीड़िता को अपने साथ रखा था। इस दौरान आरोपित युवक कई बार पीड़िता से दुष्कर्म कर सेक्सुअल हरासमेंट किया। मामले की भनक मिलने पर पीड़िता के परिजनों ने भंडरा थाना में मामला दर्ज कराया था।

## दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की सजा

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा में एडीजे वन अखिलेश कुमार तिवारी की कोर्ट ने शुक्रवार को दुष्कर्म के आरोपी युवक अशरफ अंसारी को बीस साल की सजा का फैसला सुनाया। इस मामले पर लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि आरोपित युवक किस्को थाना के नवाडीह में गाय के गौशाला में मूक बधिर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आरोपी अशरफ अंसारी को पूरे मामले में आरोपी मानते हुए बीस साल की सजा का फैसला सुनाया। अदालत ने 20 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया। आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

## ट्रांसफार्मर जलने से चार माह से अंधेरे में हैं ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के कुचिला पंचायत के बारीदोहर बिचला टोला में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण 4 माह से क्षेत्र के लोग अंधेरे में रहने की विवश है। शुक्रवार को पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की सहायक अभियंता को पत्र देकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को 30 दिसंबर तक बदलने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीण विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुचिला पंचायत के बारीदोहर बिचला टोला में चार माह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण इस टोला के लोग अंधेरे में रहने को विवश हैम ग्रामीणों ने इसे पूर्व भी विद्युत विभाग को आवेदन ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग की थी, लेकिन अब तक विद्युत विभाग द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व विद्युत विभाग को 30 दिसंबर तक ट्रांसफार्मर बदले जाने का अल्टीमेटम दिया है। सहायक विद्युत अभियंता के अनुपस्थिति में विद्युत कर्मी पंकज कुमार को ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। जिप सदस्य के कन्हाई सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग की मनमानी से प्रखंड के कई क्षेत्र के लोग काफी परेशान है, अगर समय अवधि तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर ग्राम प्रधान रामनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, बच्चू सिंह, जगन सिंह, जगदेव सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## गारू में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

गारु। गारु प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, अंचल अधिकारी दिनेश मिश्रा दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविर में जो भी शिकायतें आई हैं, उनका तत्काल निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जागेगी। कार्यक्रम के दौरान गारू प्रखंड और अंचल से कुल 14 आवेदन की शिकायत प्राप्त हुए। इनमें से 10 आवेदन प्रखंड से और 4 आवेदन अंचल कार्यालय से संबंधित थे। शिविर में पवन कुमार, अशोक राम समेत प्रखंड और अंचल कार्यालय के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोल्हान की खबरें

## हिंद इंडस्ट्रियल टेक्निकल इंस्टिट्यूट में पास आउट युवाओं का स्वागत




आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर के मानगो स्थित हिंद इंडस्ट्रियल टेक्निकल इंस्टिट्यूट के प्रोपराइटर मोहम्मद ताहिर हुसैन के द्वारा बीते कई वर्सो से युवाओं को इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग देकर रोजगार से जुड़ने का सिलसिला जारी है। जानकारी देते हुए प्रोपराइटर मोहम्मद ताहिर हुसैन ने बताया कि हिंद इंडस्ट्रियल टेक्निकल इंस्टिट्यूट में युवाओं को टेक्निकल जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। यहां ट्रेनिंग लेने के साथ-साथ युवाओं को प्लांट विजिट कराया जाता है। उसके साथ कंप्यूटर और इंग्लिश टॉकिंग मुफ्त में सिखाया जाता है। ट्रेनिंग पास करने के बाद देश और विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, बीते दिनों जवाहर नगर रोड नंबर 17 में ट्रेनिंग पास आउट युवाओं के लिए जॉब प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मैनेजमेंट की ओर से पास आउट युवाओं को स्वागत किया गया।मौके पर सभी युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मनोरंजन के दौरान इंस्टिट्यूट के शिक्षक और छात्र जमकर आनंद उठाया

## लोयोला स्कूल प्रबंधन ने स्कूली वाहन चालकों को परस्पर संवाद के लिए किया आमंत्रित



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के बिस्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल प्रबंधन ने स्कूल वाहन चालको को परस्पर संवाद के लिए आमंत्रित किया। शुक्रवार को आयोजित संवाद सत्र में वाहन चालको से कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी।प्रधानाचार्य ने स्कूल में छुट्टी होने के बाद विद्यार्थियों को ले जाने के समय सुरक्षा मानकों में जागरूक होने की बात कही। छात्रों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव दी। इस अवसर पर विनीता इक्का ने बच्चों की सेफ्टी सुरक्षा को पालन करने की सलाह दी।मौके पर लोयला स्कूल प्रबंधन के द्वारा बीते कई वर्षों से निजी गाड़ी चलाकर योगदान दे रहे चालको में अनिल कुमार पांडे,ओम प्रकाश सिंह,अनिल कुमार, एमडी सलीम को माला पहनकर व अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर स्कूली वाहन सेवा संचालक समिति के अध्यक्ष संतोष मंडल, सतीश कुमार,मयंक खालको,विष्णु शंकर निराला,अयूब भाई, राजू कुमार सिंह,रोशन टप्पू, आनंद कुमार,अमित कुमार, सरवन कुमार उपस्थित रहे।

# जेयूसी सर्विसेज टीम ने किया 246 यूनिट रक्त संग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता




जमशेदपुर। टाटा स्टील यूआईएसएल के जेयूसी सर्विसेज टीम ने जमशेदपुर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शुक्रवार को आयोजित शिविर में सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्या। मौके पर कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कुल 246 यूनिट रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडे के समर्थन व प्रोत्साहन से प्रतिभागी प्रेरित हुए। सभी सामुदायिक कल्याण के प्रति संगठन के समर्पण की पुष्टि की। मौके पर एमडी ने आयोजकों और रक्तदाताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों का समर्थन व रक्त की तत्काल मांग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

## सीआइआइ झारखंड के दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



जमशेदपुर। सीआईआई झारखंड का 37वां सम्मेलन में क्यूसी सर्किल पर उद्योगों में निरंतर सुधार और उत्कृष्टता संस्कृति को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष और एमडेट जमशेदपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रणजोत सिंह ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने ज्ञान साझाकरण सत्रों,केस स्टडी प्रस्तुतियों व इंटरैक्टिव चर्चाओं में भाग लिया। वही गुणवत्ता पेशेवरों के लिए नवीन विचारों का आदान-प्रदान, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने व गुणवत्ता सर्किल में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान परिचालन दक्षता बढ़ाने,लागत कम करने व सतत विकास को आगे बढ़ाने में क्यूसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। वही संगठनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करने में टीम वर्क, समस्या का समाधान और कर्मचारी की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया। प्रबंध निदेशक रणजोत सिंह ने कहा कि जर्मनी, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों ने व्यवस्थित दृष्टिकोण व स्पष्ट विचार प्रक्रियाएं स्थापित की हैं। जो काइजेन, निरंतर सुधार एवं गुणवत्ता सर्किल जैसी अवधारणाओं को पेश करती हैं। हालांकि गुणवत्ता भारत की संस्कृति के एक अभिन्न अंग रही है।उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टीम वर्क और गुणवत्तापूर्ण से काम करना हमारे लिए स्वाभाविक है। यही क्वालिटी सर्किल का सार है। आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के एसोसिएट और वाइस प्रेसिडेंट बिस्वजीत जेना ने निर्णायकों का परिचय कराया और प्रतियोगिता में उनकी उपस्थिति के लिए सम्मानित सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## संजीव सरदार के आवास पर धूमधाम से हुई करम पूजा

घाटशिला (आजाद सिपाही) पोटका प्रखंड के हरिणा पंचायत अंतर्गत उदाल गांव में विधायक संजीव सरदार के आवास पर करम पुजा का आयोजन पारंपरिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से आयोजित की गयी। आयोजन में आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों के अलावे पोटका, डुमरिया एवं जमशेदपुर प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। विधायक संजीव सरदार उनकी धर्मपत्नी रानीता सरदार ने पारंपरिक तरीके से पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की , जिसके उपरांत ग्रामीणों ने मांदर की थाप ओर सांस्कृतिक करम नृत्य की प्रस्तुति की। मौके पर विधायक ने कहा कि करम पुजा हम आदिवासियों के अस्तित्व एवं संस्कृति को बचाये रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार के आयोजन से समाज और गांव मे भाईचारा का माहौल बनता है।

## घाटशिला कॉलेज में लगा मेगा अपार शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। घाटशिला कॉलेज में मेघा अपार शिविर लगाया गया। इसमें इंटरमीडिएट 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को अपार आईडी की उपयोगिता के विषय में बताया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने की। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच डॉ हसन इमाम मल्लिक और बीआरसी के अधिकारी सम्मिलित हुए। शिविर का संयोजन एवं संचालन इंटरमीडिएट इंचार्ज डॉ एस के सिंह ने किया। मेघा अपार शिविर में अपार आईडी के महत्व को बताते हुए प्राचार्य डा आर के चौधरी ने बताया कि अपार आईडी भारत के हर छात्र की पहचान होगी। इसमें उसके शैक्षणिक सभी प्रमाण पत्रों का दस्तावेज रहेगा। अपार आईडी अर्थात ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री को केंद्र सरकार के वन नेशन-वन स्टूडेंट आईडी योजना के तहत बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत प्रत्येक छात्रों को 12 अंकों का एक यूनिक आईडी नंबर जारी किया जा रहा है। जिसे अपार आईडी का नाम दिया गया है। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ चौधरी ने यह भी बताया की अपार आईडी ऑनलाइन बनाया जाता है। सुविधा के लिए विद्यार्थी कॉलेज में आवेदन प्रपत्र जमा करेंगे। कॉलेज स्तर से छात्रों को अपार आईडी बना दिया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थी आवेदन प्रपत्र के साथ अपना तथा अपने पिता के आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करेंगे। अपार आईडी के महत्व को बताते हुए प्राचार्य ने यह भी कहा कि अपार आईडी बनने के बाद फर्जी एजुकेशन डॉक्यूमेंट बंद हो सकेगा। एडमिशन के समय छात्रों का वेरिफिकेशन आसान हो सकेगा। यह विद्यार्थियों का डीजी लॉकर होगा, जिसमें सभी डाक्यूमेंट्स एक जगह से रहेगा। इसमें विद्यार्थी का नाम, जन्म तिथि, पता, पेरेंट्स का विवरण, फोटो और शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज रहेगा।

इसे एबीसी- एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट से लिंक किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा में आए बदलाव के तहत अपार आईडी बनाया जा रहा है। इस मौके पर घाटशिला प्रखंड बीआरसी के अधिकारियों में संजय गोप, तपन कुमार महतो एवं मुरली मोहन मुंडा ने भी अपार आईडी बनवाने की प्रक्रिया को बताया।

## गुमला विधायक के विजय जुलूस में आये व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला विधायक भूषण तिर्की के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद शुक्रवार की अपराह्न 3:00 बजे पूरे शहर में विजय सह आभार जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल होने पुग्गू घांसी टोली निवासी 40 वर्षीय गोसाई उरांव भी आया हुआ था। जुलूस समाप्ति के बाद विधायक के निवास पर सभी के लिए भोजन का प्रबंध किया गया था। काफी भीड़ और लंबी लाइन होने के कारण गोसाई भोजन नहीं कर पाया। इसके बाद वह शाम 6:30 बजे पुग्गू नदी के समीप स्थित एक होटल में भोजन करने जा रहा था। इसी बीच वह होटल की ओर जाने के लिए सड़क पार करने लगा। तभी शहर की ओर से तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गोसाई सड़क पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार हवाई अड्डा की ओर तेजी से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस से तत्काल सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में व्यक्ति को सिर चेहरा हाथ पैर व शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है।

# शांतनु ठाकुर ने पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत सरकार के बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर शुक्रवार को गुमला जिले के दौरे पर थे। उन्होनें एस्पिरेशनल जिला कार्यक्रम के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह बैठक चंदाली स्थित समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई, जहां मंत्री ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों का गहराई से विश्लेषण किया। बैठक में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, परियोजना निदेशक रीना हांसदा और अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, कृषि, जल जीवन मिशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति की आंकड़ेवार जानकारी दी गई।



स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति

गुमला जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। जिले में वर्तमान में 93 प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जा रहे हैं, जो मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। मंत्री को बताया गया कि जिले को सिकल सेल एनीमिया मुक्त बनाने का एक बड़ा प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर जांच और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, नियमित स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर दूरदराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण रोजगार की दिशा में कदम

बैठक के दौरान बताया गया कि जिले के आकांक्षी प्रखंड, डुमरी में विभिन्न क्षेत्रों में विकास में तेजी लाने का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में एक नई पहल प्रोजेक्ट किशोरी के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा सेनेटरी पैड का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी आपूर्ति आसपास के चार जिलों में की जा रही है। वहीं जिले में संचालित रागी मिशन के अंतर्गत महिलाओं को रागी उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर पैदा किए हैं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाया है।इसके साथ ही रागी मिशन से जिले को कुपोषण से मुक्त भी करने का कार्य किया जा रहा है, जिले के नागरिकों को रागी से निर्मित खाद्य पदार्थों के सेवन करने हेतु प्रीत किया जा रहा है, आंगनवाड़ी केंद्रों रागी लड्डू देने से बच्चों एवं महिलाओं को कुपोषण मुक्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है।इसके अलावा शिक्षा और विज्ञान में सुधार के साथ साथ जिले में पीवीटीजी समुदाय को सरकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने का प्रयास किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत पहाड़ी क्षेत्रों में जल पहुंचाने के लिए नल कनेक्शन और जल मीनार स्थापित किए गए हैं। नियमित जन शिकायत निवारण दिवस और ई-शिकायत प्रणाली के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

# भूषण तिर्की ने निकाली आभार यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला विधानसभा से नवनिर्वाचित झामुमो विधायक भूषण तिर्की का विजय जुलूस सह आभार यात्रा शुक्रवार दिन के 2 बजे शहर में निकला गया। सिसई रोड स्थित विधायक आवास से जुलूस प्रारंभ हुआ, जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए पुनः सिसई रोड स्थित विधायक आवास में समाप्त हुआ। इस दौरान विधायक ने चुनाव में सहयोग और जीत सुनिश्चित करने के लिए आम जनता और मतदाताओं का आभार जताया। साथ ही जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी ताकि ससमय समस्याओं का निदान कर सके। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। यही कारण है कि लगातार दो बार चुनाव जीतकर उन्होंने कीर्तिमान स्थापित किया है। बताया कि इसके बाद गुमला विस अंतर्गत जारी में 16, चैनपुर में 17, डुमरी में 18 और रायडीह में 19 दिसंबर को विजय जुलूस सह आभार यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। विधायक ने बताया कि झामुमो की नीति-सिद्धांत आम जनता से जुड़ी है। यही कारण है कि जनता ने पुनः झामुमो पर भरोसा जताया है। वे और पार्टी के सभी कार्यकर्ता जनता के इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ता नारेबाजी और आतिशबाजी करते हुए चल रहे थे। विधायक फूलों से सजी गाड़ी पर सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।



## विधायक भूषण तिर्की का चेंबर ने किया स्वागत



गुमला विधानसभा के विधायक भूषण तिर्की की जीत पर शुक्रवार को गुमला नगर में विजय जुलूस निकाला गया, विजय जुलुस का टावर चौक पर गुमला चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला चेंबर के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनका माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। साथ ही बधाई और शुभकामना दी। गुमला के व्यापारी उनसे आशा और अपेक्षा करते हैं कि विधायक जनहीत और व्यापारियों के हित में कार्य करेंगें। समस्या को प्रमुखता से देखते हुए उसे पर उचित पहल करने का भविष्य सहयोग बना रहेगा। गुमला के विधायक का सहयोग चेंबर के व्यापारियों को रहा है और आशा करते हैं कि आगे भी सहयोग बना रहेगा। स्वागत करने वालों में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, दिनेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, राजेश सिंह, बबलू वर्मा, अजय सिंह, प्रणय कुमार, प्रतीक अग्रवाल, बिट्टू कुमार उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन के समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी होने के उपरांत शुक्रवार को झामुमो-कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के समर्थकों द्वारा सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो की उपस्थिति में विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाला गया। जुलूस देवी गूड़ी चौक से शुरू होकर बसिया बस्ती, मेन रोड होते हुए खुदी चौक कोनबीर पहुँचा जहाँ विधायक जिग्गा सुसारण होरो द्वारा स्वतंत्रता सेनानी खुदी साहू के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण के बाद जुलूस मेनरोड होते कोनबीर नवाटोली स्थित मिशन मैदान में सभा कर समाप्त हुआ। जुलूस में डीजे साउंड के साथ आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने पार्टी झंडा हाथ में लेकर झुमते नजर आए साथ ही एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते दिखे। इस दौरान झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो वाहन में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिसई विधानसभा में प्रचंड जीत और झारखंड में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो-कांग्रेस व राजद की गठबंधन सरकार बनने की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।



जुलूस में दिखी कॉंग्रेस पार्टी के झंडों की अधिकाधिक संख्या

विधायक के विजय सह आभार जुलूस में कॉंग्रेस पार्टी के पार्टी झंडे की भरभार दिखी। हालांकि जेएमएम कार्यकर्ता भी जेएमएम का झंडा लिए हुए थे।

**एसडीपीओ के नेतृत्व में था सुरक्षा व्यवस्था**

विजय जुलूस के दौरान बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर स्वयं सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे। पुलिस द्वारा जुलूस में मौजूद भीड़ को देखते हुए भारी मालवाहक वाहनों को रोक दिया गया था जबकि छोटे और यात्री बसों को बहुत धीमे रफ्तार से रवाना किया गया। पूरे जुलूस के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तेद रखी।

**प्रमुख रूप से मौजूद रहे लोग**

जुलूस में सुकरात उराँव, उमेश नाग, अलीम खान, जयंत दास, विश्वासी कुजूर , संजय कुजूर, जीवन मसीह टोपनो, यमुना प्रसाद, एमलेन कुल्लू ,जसिंता बारला, अमित बघवार, पंकज सिंह, जब्बार खान,लुकमान खान, अंकित चौधरी, अमित तिवारी, काजू साहु, दिनेश साहु, बिकास साहु, जे डी नायक, मुंतजिर खान, गौरी शंकर चौधरी, सुनीता तोपनो, दुर्गा पहान, किशन साहू, मृत्युंजय नाग सहित कांग्रेस-झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# सड़क के लिए जमीन मिलने से छात्र खुश

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के अरंगी में मॉडल डिग्री कॉलेज बनाया गया पर कॉलेज जाने के लिए सड़क नहीं होने के कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिस रास्ते का इस्तेमाल कॉलेज कर्मी एवं छात्र कर रहे थे वह पूर्ण रूप से रैयती भूमि थी। इस कारण उस पर सड़क का निर्माण संभव नहीं था। कॉलेज के प्राचार्य के द्वारा उपायुक्त से मिलकर रैयती भूमि का अधिग्रहण कर सड़क बनाने का अनुरोध किया गया था। अधिग्रहण की प्रक्रिया जटिल है और सरकार के करोड़ों का राजस्व भी खर्च होता है। उपायुक्त के द्वारा सड़क के लिए भूमि चिन्हित करने की जिम्मेदारी अंचल अधिकारी घाघरा को दी गई। अंचल अधिकारी घाघरा के द्वारा वैकल्पिक मार्ग का नक्शा तैयार कर उपायुक्त को उपलब्ध कराया गया। जिसमें काफी कम रैयती भूमि पड़ रहा था अधिकांश भूमि सरकारी थी। जिस रैयती भूमि पर सड़क बनाना था उसके रैयत भी कॉलेज के हित में जमीन देने के लिए तैयार हो गए। प्रशासन व रैयत की पहल से आज सड़क बन कर तैयार है विद्यार्थी काफी खुश है।



# एसटी-एससी थाना के सअनि ने एसपी को आवेदन देकर न्याय की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एससी एसटी थाना के सअनि मनोज पासवान ने एसपी को आवेदन देकर झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन में अबैध रूप से गुमराह करते हुए सदस्यता से वंचित करने एवं जाति सूचक भावना से ग्रसित होकर अपमान करने की शिकायत की है।एसपी को दिए आवेदन में मनोज पासवान ने कहा है कि गुमला जिला में दिनांक 1 जुलाई 2024 को झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव कराने हेतु एक प्रस्तावित आम सभा का बैठक आयोजित किया गया था। जिसमे निर्णय लिया गया था कि विधानसभा चुनाव सत्र निष्पादन उपरांत चुनाव किया जाएगा। इसी दौरान उन्हें जानकारी हुई कि सअनि इसहाक अंसारी एवं सअनि सरयू प्रसाद के द्वारा गलत एवं मनमाने ढंग से अपने व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन झारखण्ड रांची के अध्यक्ष एवं सचिव को गुमला के रिक्त पदों पर मनोनयन हेतु प्रचारी प्रवर, अभिमन्यु कुमार को अध्यक्ष पुअनि सुकरा भगत को उपाध्यक्ष तथा सअनि वीरेंद्र प्रसाद नारायण देव को सचिव हेतु प्रस्तावित किया गया है। जिसपर सअनि इसहाक अंसारी एवं सअनि सरयू प्रसाद के द्वारा मुझे बरगलाते हुए झूठा आश्वासन दिया गया कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति विशेष का नाम मनोनीत नहीं किया गया है। एवं मुझे अन्धकार में रखते हुए माह दिसम्बर 2024 में झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव आयोजित करने की बात कही गई। पर जब इस बात की संपुष्टि हुई कि सअनि इसहाक अंसारी एवं सअनि सरयू प्रसाद के द्वारा मनोनयन हेतु झारखंड पुलिस एसोसिएशन में चुनिन्दा सदस्यों का पत्र दाखिल किया गया है तब मैं इस बात की संपुष्टि हेतु पुनि योगेन्द्र सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन को कॉल किया तथा चुनाव की बातो की पूछताछ करने पर उनके द्वारा सअनि इसहाक अंसारी के विरुद्ध अशोभनीय तथा असम्मानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए गन्दी गन्दी गालियाँ देते हुए दिसंबर में चुनाव हेतु आश्वाशन दिया गया।

# घाघरा में अतिक्रमण को लेकर की नापी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल के नेतृत्व में अंचल अमीन एवं राजस्व उपनिरीक्षक एवं अन्य अंचल कर्मियों ने शुक्रवार को घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी चौक व गुमला रोड पर अतिक्रमण को लेकर नापी किया । इस दौरान अंचल अधिकारी द्वारा बताया गया की बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सड़क की जमीन एवं अन्य सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण वार्ड की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी एवं ऐसा अतिक्रमण क्यों न हटाया जाए इस संबंध में अपना पक्ष रखने के लिए अतिक्रमण करता को तीन दिन का समय दिया जायेगा। 3 दिन बाद अतिक्रमण संबंधी प्रस्तुत दस्तावेज से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने का आदेश निम्नलिखित होने के बाद 7 दिन का समय अतिक्रमण करता को दिया जाएगा 7 दिनों में अतिक्रमण नहीं हटने पर प्रशासन द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं अतिक्रमण हटाने में जो खर्च होगा वह अतिक्रमण करता से वसूला जाएगा साथ ही साथ अतिक्रमण हटाने के आदेश का अनुपालन नहीं करने वाले के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से को आशीष कुमार मंडल, आनंद डुंगडुंग व दीपक मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविका को जन्म मृत्यु का पंजी बनाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में समन्वय समिति की बैठक मुखिया विनीता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, एएनएम, सीएचओ, स्वस्थ्य सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, डीलर, ग्राम प्रधान, पोस्ट ऑफिस के कर्मी, प्रज्ञा केंद्र संचालक, मेट, वार्ड सदस्य, उप मुखिया, राजस्व कर्मचारी, कृषक मित्र, प्रदान संस्था के सदस्य के लोग उपस्थित हुए। आंगनबाड़ी सेविका को जन्म मृत्यु का पंजी बनाने का निर्देश दिया गया। राशन दुकानदार समय पर राशन वितरण करें, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुरजु बेती, महूगांव में शिक्षक की कमी का जानकारी प्रधानाध्यापक के द्वारा दिया गया, शिक्षक की कमी को संबंधित विभाग में पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। राजस्व कर्मचारी के द्वारा ऑनलाइन, पंजी 2 सुधार, उत्तराधिकारी दाखिल खारिज का जानकारी दिया गया। स्वास्थ्य सहिया टीवी मरीज को अपने निगरानी में दवा खिलाने का निर्देश दिया गया। जलसहिया के द्वारा गांव में जल नल कनेक्शन का सर्वे करने पर सहमति बनी। मौके पर उपस्थित उप मुखिया अजीत पाठक, राजस्व कर्मचारी निदोर्षी खलखो, वार्ड सदस्य अनिल भगत, मनमेंत देवी, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, एलेन कुजूर, दुर्गा भगत संदीप उरांव, सुरेंद्र भगत,आलिया , संजेश उरांव,संतोष सिंह, यशोदा देवी, फुल कुमारी देवी, कुंती देवी, विद्यावती देवी, रीना उरांव, सुखमणि देवी, प्रिंस किला खाखा, बैजनाथ माझी, उमा देवी अनुज कुमार साहू, लक्ष्मी लकड़ा पूनम देवी, शहपति देवी, प्रेमचंद उरांव, राजकुमार सिंह सहित कई उपस्थित हुए।



## प्रदीप और राजेश को कांग्रेस ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस ने प्रदीप यादव को विधायक दल का नेता और राजेश कच्छप को उप नेता बनाया है। इसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में खुशी और उत्साह है। साथ ही दोनों नेताओं को बधाई दी गई है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि पार्टी ने बेहतर निर्णय लेते हुए दोनों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। इससे निश्चित कांग्रेस में उर्जा का संचार होगा और पार्टी मजबूती प्रदान करेगी। बधाई देने वालों में मुरली मनोहर प्रसाद, अकील रहमान, दीपनारायण उरांव, राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, अमर प्रदीप कुजूर, हेमावती लकड़ा, हिमेश कुमार आदि शामिल है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## एस ड्राइव अभियान में दो वारंटी गिरफ्तार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा गुमला के पुलिस अधीक्षक शंभू प्रसाद सिंह के निर्देश पर कामडारा पुलिस ने एस ड्राइव अभियान के तहत कुल दो वारंटियों को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेजा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये एक वारंटी सैमुअल आईंद (पिता पास्कल आईंद) गांव नोनछापर, तुरबूल निवासी है। जो उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ से संबंधित मर्डर केस का अभियुक्त है। वह काफी लंबे अरसे से फरार चल रहा था। वहीं दूसरा वारंटी सुभाष साव (पिता कपिल साव) गांव टुरुंडू निवासी है। उसके उपर पत्नी के साथ मारपीट किये जाने का मामला कोर्ट में चल रहा है। उसके विरूद्ध वारंट जारी की गयी है।

## मनरेगा लोकपाल पंचायत कर्मी और मुखिया के साथ की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। मनरेगा लोकपाल शहनवाज शेख ने घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में पंचायत कर्मी और मुखिया के साथ बैठक किया। बैठक में योजना के रिकॉर्ड, संधारण पंजी,मास्टर रोल और कार्यों से संबंधित अभिलेख देखा। मनरेगा कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि योजना स्थल पर योजना बोर्ड कार्य शुरू होने पर लगे। जिन मजदूरों का मास्टर रोल भरा जाता है। वह मजदूर कार्य स्थल पर दिखे। कूप निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मजदूरों का भुगतान ससमय हो जिसके लिए सभी ईमानदारी पूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करें। योजनाओं में किसी भी तरह की अनियमितता ना बरते। कार्यों में लापरवाही ना हो जिसका सभी कर्मी और मुखिया ध्यान दें। योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ झाला होती है। तो पंचायत के संबंधित मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक मेट व अन्य कर्मियों पर कार्रवाई होगी। मौके पर बीपीओ बेबी देवी, बीपीआरओ शंकर साहू, निर्मल उरांव, संतोष कुमार सहित कई मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# जल की समस्या के निदान के लिए कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के ऊपर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।इस कार्यशाला में प्रखंड के विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक सभी शामिल हुए।



कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में बढ़ते जल के समस्या को कम करना एवं मनरेगा आजीविका उत्सर्जन को बढ़ावा देना था। गुमला प्रखंड में अधिकतम किसान खेती में धान के फसल पर निर्भर हैं ऐसे में उन्हें अपने गांव से बाहर जाकर मजदूरी कर जीवनयापन करने में मजबूर हैं। इस कार्यशाला के जरिए प्रखंड में मनरेगा के काम को एक नई दिशा मिलेगी जिसमें सरकार, पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि एवं प्रदान जैसी गैर सरकारी संस्थाओं के समन्वय से एक मॉडल प्रखंड बनाया जा सकेगा ।इस कार्यशाला के जरिए पंचायतों में मिट्टी संबंधित कार्य जैसे मेडबंदी ,समतलीकरण पानी संचय हेतु संरचना जैसे कुआं, डोभा, तालाब इत्यादि एवं फलदार बागवानी, जल पुनर्भरीकरण हेतु टी सी बी, 30*40 मॉडल इत्यादि को जमीन पर उतारा जा सकेगा।

मनरेगा बी पी ओ जैस्मीन जी ने मनरेगा से संबंधित योजना जैसे बिरसा हरित ग्राम , कूप सिंचाई जैसे योजना का लाभ के बारे में विस्तार से बताया।ऐक्सिस बैंक फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट सफलता के अंतर्गत प्रति गांव में साठ से सौ हेक्टेयर प्लान बनाने की योजना है जिससे आने वाले 2028 तक किसानों की आय दो लाख रुपए तक किया जा सके। प्रदान संस्था के तरफ से एग्जीक्यूटिव अम्मू एवं मिट्ठुन द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया।

# 16 को आयेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार,₹ न्यूरो सर्जन₹ शनिवार यानी 14 दिसंबर को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# अलाव गरीबों का सहारा : अरुणा शंकर



**पद के बाद भी नगर माता का दायित्व निभा रही हैं अरुणा शंकर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कड़ाके की ठंड में राहगीरों के राहत के लिए अपने निजी खर्च से चैनपुर, शाहपुर, स्टेशन रोड, अस्पताल चौक, सरकारी बस स्टैंड, मुख्य बाजार, सादिक चौक पर अलाव की व्यवस्था करायी एवं कई लोगों को कंबल वितरण किया। इस ठंड में रात्रि 10:00 बजे शहर का भ्रमण करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि ठंड काफी बढ़ गया है। निगम को पूर्व की भांति अलाव की व्यवस्था हर चौक चौराहे में अब तक शुरू कर देनी चाहिए थी क्योंकि अलाव ही ठंड में गरीबों का सहारा होता है साथ ही सरकार द्वारा मिलने वाले कंबल समय रहते निगम को जरूरतमंद के बीच वितरित कर देनी चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा आज से रेड़मा,बेरिया,बारा लोटा एवं कई और जगह भी मेरे द्वारा अलाव की व्यवस्था तब तक कराई जाएगी जब तक निगम अलाव की व्यवस्था शुरू नहीं करता। इस बीच सभी जगह पर रात्रि में घूम-घूम कर प्रथम महापौर ने चौक चौराहे पर अलाव तापने वाले राहगिरो एवं मोहल्ला के लोगों से हाल-चाल भी लिया जिसकी सबों ने काफी सराहना की। लोगों ने कहा कि चुनाव से पहले लोग चर्चा करते थे मैडम इतने बड़े घर से हैं जिनसे कोई मिल भी नहीं सकता और आज बिल्कुल उसका उल्टा पद पर रहते भी, पद के बाद भी जहां बिंदास लोग महापौर आवास में उनसे मिलते वही एक महिला होते हुए रात को भी 10 बजे पूरे शहर में घूम-घूम कर अपने खर्चे से अलाव जलवा कर सबों का कुशल मंगल पूछ रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि जब शहर ने मुझे एक बार नगर माता का सम्मान दे दिया तो मेरा भी कर्तव्य होता है कि एक मां की तरह नगर के हर दुख सुख को देखूं और इसमें मुझे खुशी मिलती है।

# ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा : नगर आयुक्त

**ठंड के पूरे मौसम तक जरूरतमंदों के बीच वितरण होगा कंबलः दीपक तिवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में लगातार कम होते तापमान व सर्द होती रातों में खुले आसमां के नीचे एवं फुटपाथ पर ठंड से सिहरते किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को विवश मेहनतकश, गरीब, असहाय, रिक्शा-टेंपो/ ऑटो चालकों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों सहित अन्य जरूरतमंदों के बदन पर आज देर शाम इंडियन रोटी बैंक के सेवादारों ने कंबल डाले। नगर निगम के शहरी क्षेत्रों में सफाई का कार्य कर रहे सफाईकर्मियों को भी कंबल प्रदान किये गये। कंबल पाकर ठंड से सिहरते गरीब, मेहनकशों के चेहरे मुस्कुरा उठी। सभी ने संस्था के सेवादारों को आशीर्वाद/ दुआएं दी और



धन्यवाद किया। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आज के युग में उनके लिए भी कोई सोचने वाला है।इंडियन रोटी बैंक के उड़ान स्क्वायड टीम द्वारा गुरूवार की देर शाम कंबल वितरण अभियान की शुरूआत मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार, इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी, समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, सोना महल के प्रोपराइटर व्यवसायी व समाजसेवी धनंजय सोनी, उड़ान एजुकेशन स्क्वायड के कर्ता-धर्ता शिक्षक विनोद ने संयुक्त रूप से की। शहर के छःमुहान पर गरीबों, असहायों के बीच कंबल वितरण कर अभियान की शुरूआत की गयी। इसके पूर्व इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने मुख्य अतिथि नगर आयुक्त, थाना प्रभारी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि ठंड में असहायों, आर्थिक रूप से कमजोर, निर्धनों की सेवा ही मानवता की सेवा है। इंडियन रोटी बैंक द्वारा निर्धन परिवारों के बीच कंबल वितरण करने का अवसर मिला। यह बहुत ही सार्थक और सराहनीय कदम है। कंबल मिलने से सर्दी के इस मौसम में गरीब परिवारों को राहत मिलेगी।

समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने कहा कि कंबल वितरण पुण्य का कार्य है। इंडियन रोटी बैंक द्वारा कंबल मिलने से जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत मिलेगी।

इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने कहा कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है। समाज में आज भी एक-दूसरे के दर्द को महसूस करने वाले लोग हैं। इंडियन रोटी बैंक का पलामू ईकाई के सेवादारों को हमेशा से दूसरों की परिस्थितियों का एहसास होता है।

# वित्त मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिले कांग्रेस नेता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद कांग्रेस के वरीय नेता सह प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी व जिला उपाध्यक्ष मशरूर अहमद ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात कर गुलदस्ता एवं शॉल भेंटकर स्वागत और सम्मानित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता श्री तिवारी ने स्वास्थ्य मंत्री से हुसैनाबाद में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण विकास मंत्री से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास की गति तेज करने की मांग की। मौके पर उन्होंने इंडिया गठबंधन की सरकार के प्रति झारखंड के विकास और जनता की सेवा के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को सराहा। कांग्रेस नेता ने भरोसा जताया कि महागठबंधन की सरकार झारखंड में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे और आने वाले समय में झारखंड प्रगति की दिशा में और भी मजबूत कदम बढ़ायेगा।

# एमओ ने डीलरों के साथ की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एमओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने जविप्र दुकानदारों को सरकार द्वारा जारी कई दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभाग के निदेर्शानुसार 20 दिसंबर तक अयोग्य कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि यदि अयोग्य लाभुक स्वतः 20 दिसम्बर तक अपना राशन कार्ड सरेंडर नही करते है तो विभागीय निर्देशानुसार उनके विरुद्ध जनवितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी जविप्र दुकानदार निगरानी सतर्कता समिति के सहयोग से वैसे अपात्र लाभुक जो अपना राशन कार्ड स्वतः सरेंडर नही करते है तो उनकी सूची तैयार कर 25 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में जमा करें। प्रभारी एमओ ने सभी डीलर को ससमय लाभुक को राशन वितरण करने का भी निर्देश दिया। मौके पर डीलर सूर्यनाथ राम,प्रवीण कुमार, बिजय मेहता, बिमलेश कश्यप, अजित कुमार, गणेश राम, बृजनंदन पासवान, अजित चौधरी, सूर्यनाथ राम समेत कई डीलर मौजूद थे।

# पुल निर्माण में गड़बडी का ठेकेदार पर आरोप, जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलतुआ पंचायत के टोला सगरदिनवा तहल्ले नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य के शुरूआती दौर में ही अनियमितता व लापरवाही का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। वहीं पुल निर्माण ग्रामीण विकास विभाग से पुल का न्यू निर्माण किया जा रहा हैं। जहां स्थानीय निवासी अनियमितता व लापरवाही पर विरोध जताने वालों में महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह,कर्मू सिंह, पप्पू चौधरी, सूरज राम ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से धरातल पर पुल निर्माण



की जा रहीं हैं जबकि इसका विरोध हम सभी ग्रामीण कर रहें हैं कि पुल का निर्माण इस्टीमेट के अनुसार किया जाए। लेकिन ग्रामीणों की मांग को अनसुना करते हुए पुल का निर्माण कराया जा रहा हैं।पुल निर्माण में जो पुल के पाया का फाउंडेशन तैयार होना चाहिए वो इस्टीमेट के अनुसार नहीं हो रहा हैं और ग्रामीणों द्वारा बार बार ठेकेदारों से इस्टीमेट मांगी जा रहीं लेकिन ठेकेदार इस्टीमेट की जगह मनमानी तरीके से काम को लगातार जारी रखें हैं।ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि शुरूआत में ही पुल निर्माण कार्य में ही जब अनियमितता बरती जा रही है तो पता नहीं आगे क्या होगा।ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण बार-बार नहीं होता है। दशकों बाद चिरपरिचित मांग पूरी हुई है। इसलिए पुल का निर्माण कार्य मजबूती के साथ होना चाहिए साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि सगरदिनवा तहल्ले नदी में पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को सलतुआ जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं जिससे आवागमन बाधित हो जाता हैं।

## क्या कहते हैं ठेकेदार

इस संदर्भ में ठेकेदार रवि सिंह ने कहा कि पुल का निर्माण इंजीनियर की निगरानी में किया जा रहा हैं हमारा कम इस्टीमेट के अनुरूप ही हो रहा हैं।

# चौपाल लगाकर डाक कर्मियों ने दी योजनाओं की जानकारी



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहर के एनएच 139 किनारे स्थित डाकघर परिसर में शुक्रवार को डाक विभाग द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। डाक विभाग द्वारा चलाये जा रहे कई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।चौपाल में डाक विभाग द्वारा चलायी जा रही आम लोगों के लिए दर्जनों योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका फायदा उठाने व लोगों को डाक विभाग से जुड़ने के लिए कहा गया। इस दौरान डाक ओवरशियर विकास कुमार ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के किसान मजदूरों के लिए डाक जीवन बीमा और नौकरी, पेशेवर, स्नातक उत्तीर्ण युवाओं के लिए जीवन सुरक्षा बीमा योजना काफी लाभ दायक है।10 वर्ष की बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना और महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र, डाकघर बचत खाता आदि की भी लोगों को जानकारी दी गयी। वहीं उप डाकपाल विरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डाक विभाग के द्वारा लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलायी जा रही है। जिसका भविष्य में लाभ मिलता है। इस मौके पर ओवरसियर बली कुमार, डाक सहायक मंतोष कुमार,डाक कर्मी मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# दो नाबालिग तीन दिनों से लापता, केस दर्ज



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के मुरमा कला गांव के दो नाबालिक पिछले तीन दिनों से लापता हैं। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया,लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने आज रेहला थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मुरमा कला गांव निवासी अजय राम का पुत्र रजनीकांत कुमार (12) और धर्मेंद्र राम का पुत्र नीरज कुमार (15) बुधवार ग्यारह दिसंबर से ही गायब हैं। परिजनों ने हर संभावित जगह उसका तलाश किया,लेकिन कहीं भी कुछ पता नहीं चला।

# धान अधिप्राप्ति को लेकर डीसी ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से धान की खरीदारी होनी है। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि रंजन ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति की तैयारी को लेकर बैठक की। उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कु से किसानों से धान क्रय को लेकर अबतक की गयी तैयारी से अवगत हुए।उन्होंने कहा कि 2 लाख क्विंटल धान का क्रय किया जाना है,इसमें किसी प्रकार का कोई कोताही ना हो यह सुनिश्चित किया जाये।उन्होंने जिला आपुर्ति पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में बेहतर तालमेल के साथ निष्पक्ष एवं सही तरीके से धान क्रय करने पर बल दिया।

**किसानों को जागरूक करने का निर्देश**

उन्होंने बैठक में सभी संबंधितों को 15 दिसंबर से धान क्रय किये जाने को लेकर सभी किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाये जाने पर बल दिया।

# छात्राओं ने खूबसूरत स्थलों का लुत्फ उठाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज चियांकी की छात्राएं नव वर्ष शुरू होने से पहले सुगा बांध कॉलेज की ओर से पिकनिक मनाने गयी जहां छात्राओं ने पलामू के खूबसूरत मनोरम स्थल का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर छात्राओं ने कहा हमारा कॉलेज जहां शिक्षा की गुणवत्ता में ध्यान देता वही खेलकूद, पिकनिक एवं समय-समय पर टूर की व्यवस्था कर कई भौतिक एवं सांसारिक चीजों को सीखने, देखने एवं समझने का मौका भी देता है। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ अनुपमा गुप्ता ने ने लातेहार स्थित इस बांध की खूबसूरती एवं स्थानीय लोगों से छात्राओं को मिलाकर यहां के कल्चर के बारे में बताया। कॉलेज की ओर से फैकेल्टी अविनाश सिंह, रामसागर मौर्य, अहिल्या गुप्ता, प्रभाकर कुमार, सुजीत कुमार, अंजना दुबे, माया त्रिपाठी, रेखा सिंह, आकांक्षा तिवारी एवं विकास तिवारी ने छात्राओं को सहयोग किया।


# डॉ जाकिर ने स्नूकर और पूल चैंपियनशिप का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 17वीं स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का उद्घाटन डॉक्टर मोहम्मद जाकिर ने किया। स्टेट चैंपियन यश किंगर ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स होने हैं। इस टूर्नामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों एवं बिहार तथा उड़ीसा के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विजेताओं एवं उपविजेताओं को नकद राशि, ट्राफी, टी शर्ट एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जायेगा। उद्घाटन समारोह में इंद्र, टीपू, नील, तनवीर, मेजर, नितेश, दशरथ, समीर, शादान, ऐजाज, अनुज, उत्कर्ष, राहुल, यश दास सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाये। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां इंटरनेशनल मैच खेलेंगे विराट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इतिहास रचने वाले हैं। इस मुकाबले के साथ वह कंगारुओं के खिलाफ 100 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले अब तक के दूसरे खिलाड़ी बनेंगे। सचिन तेंदुलकर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 मैच खेले हैं।

विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 99 मैचों में 17 शतक लगाए, इनमें 9 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के 7 में से 6 शहरों में शतक लगाये हैं, ब्रिस्बेन ऐसा इकलौता शहर है, जहां वह शतक नहीं लगा सके। विराट तीसरे टेस्ट में शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया के सभी क्रिकेट शहरों में सेंचुरी लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी बन सकते हैं।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच हजार से ज्यादा रन बनाये विराट

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 टेस्ट, 49 वनडे और 23 टी-20 खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 50 से ज्यादा की औसत से 5326 रन बनाये। उनके नाम 17 सेंचुरी और 27 फिफ्टी हैं। खास बात यह रही कि विराट ने 17 में से 10 सेंचुरी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं के घर में लगायी।

विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 47% मैचों में हराया विराट की मौजूदगी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 10 टेस्ट, 21 वनडे और 15 टी-20 हराये। तीनों फॉर्मेट मिलाकर विराट जब भी प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे, टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 47% में जीत हासिल की। 44% में टीम को हार मिली, जबकि बाकी मुकाबले बेनतीजा और ड्रॉ रहे। एडिलेड में विदेशी प्लेयर के तौर पर सबसे ज्यादा शतक विराट को ऑस्ट्रेलिया में खेलना बहुत पसंद है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

–: रद्द संबंधी सूचना

पत्रांक 1429/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक–13.12.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–RDD/SD/CHATRA/10/2024-25 जिसका PR No.-336336 में वर्णित सभी कार्य को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR 341987 (Rural Development) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि पत्र

पत्रांक – गढ़वा/दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 340340, Received on 26.11.2024 (WRD/MID/GARHWA/04F2/2024-25) बलहा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम– कोरवाडीह, पंचायत– कोरवाडीह, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा का ई0 निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसमें दिनांक 22.12.2024 को रविवारीय अवकाश पड़ जाने के कारण आंशिक संशोधन करते हुए ई0 निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि 22.12.2024 के स्थान पर 23.12.2024 तथा ई0–निविदा खुलने की तिथि 23.12.2024 के स्थान पर 24.12.2024 पढ़ा जाय, अन्य भार्ते पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341970 Minor Irrigation(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

पत्रांक – गढ़वा/ शुद्धि पत्र दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 340342, Received on 26.11.2024 (WRD/MID/GARHWA/03F2/2024-25) पुरानपानी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य ग्राम– खजुरी, पंचायत– परसवार, प्रखण्ड– बड़गड़, गढ़वा का ई0 निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसमें दिनांक 22.12.2024 को रविवारीय अवकाश पड़ जाने के कारण आंशिक संशोधन करते हुए ई0 निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि 22.12.2024 के स्थान पर 23.12.2024 तथा ई0–निविदा खुलने की तिथि 23.12.2024 के स्थान पर 24.12.2024 पढ़ा जाय, अन्य शर्ते पूर्ववर्त रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341973 (Minor Irrigation)24-25*D

## असर्फी अस्पताल में समय से पहले जन्मे बच्चे में नेक्रोटाइज़िंग एंटरोकोलाइटिस का हुआ इलाज



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी अस्पताल ने हाल ही में समय से पहले जन्मे बच्चे में नेक्रोटाइज़िंग एंटरोकोलाइटिस के सफल इलाज से एक और बड़ी सफलता हासिल की है। नेक्रोटाइज़िंग एंटरोकोलाइटिस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें बच्चे की आंतों में सूजन और संक्रमण हो जाता है, जिससे गंभीर जटिलताए उत्पन्न हो सकती हैं जिसे असर्फी अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञों ने समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों के लिए अत्याधुनिक एनाटेटल केयर, नवजात शिशु देखभाल और श्वसन संबंधी आपातकालीन सेवाएं प्रदान की हैं। असर्फी अस्पताल के नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ किशोर गांधी, एमडी, डीएनबी बाल चिकित्सा, डीआरएनबी नियोनेटोलॉजी ने इस अवसर पर कहा कि हमारे अस्पताल में नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं और विशेषज्ञों की टीम है। समय से पहले जन्म और श्वसन संकट जैसी जटिल स्थितियों का इलाज करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असर्फी अस्पताल ने नवजात शिशुओं के लिए अपनी समर्पित देखभाल और विशेषज्ञता के कारण स्थानीय समुदाय में एक मजबूत विश्वास और साख प्राप्त की है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन, 43 यूनिट रक्त संग्रह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो को मुख्य सचेतक बनाये जाने पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव सह युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने उन्हें बधाई दी। बतातें चलें कि मथुरा प्रसाद महतो एक रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि एवं दिलीप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। दिलीप सिंह ने कहा कि मथुरा प्रसाद महतो जनता के दुःख सुख में सदैव साथ खड़े रहे हैं। जनता के बेहतरी के लिए आगे भी मथुरा प्रसाद महतो इसी ऊर्जा के साथ जनता की मदद करते रहे मेरी यही शुभकामनाएं हैं। तोपचांची स्थित बिनोद बिहारी महतो मेमोरियल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पेमिया ऋषिकेश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 43 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक प्रिया, रांची हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर की डॉ रश्मि, विनीत मिश्रा, विवेक गौरव, प्रवीण कुमार, राम प्रसाद और सपना का सराहनीय योगदान रहा।

## बीएसएल टाउनशिप के लिए उन्नत प्रणाली की रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महा प्रबंधक-प्रभारी (विद्युत) राजुल हरकरनी, महा प्रबंधक (विद्युत) एएन सिंह, उप महाप्रबंधक डीके सिंह, वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार, परियोजना डिवीजन के उप महाप्रबंधक आरएल मीणा, वरीय प्रबंधक अभिषेक आदित्य आदि उपस्थित थे। बोकारो स्टील सिटी में लगभग 250 से अधिक विद्युत सबस्टेशन हैं जहां 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएंगी। बीएसएल में पहली बार उन्नत प्रकार की रासायनिक अर्थिंग प्रतिस्थापित किया जा रहा है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली, विद्युत लाइन और उपकरण के अर्थिंग का बहुत ही प्रभावी तरीका है, क्योंकि यह चालकता को बढ़ाता है और विद्युत प्रणालियों के लिए लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करता है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली कम रखरखाव में स्थिर और लंबे समय तक काम करने वाला अत्यधिक टिकाऊ, जंग रोधी प्रकृति के साथ पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होता है।

## जमीन की मापी करने पहुंचे अमीन व कर्मचारियों से गाली गलौज, नहीं दिखाया गया कागजात

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा थाना अंतर्गत चरकीटांड गांव के एमजीएम पब्लिक स्कूल के समीप स्थित गैराबाद जमीन से अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार महतो ने बाघमारा सीओ को एक शिकायत पत्र प्रेषित किया हैं। पत्र के माध्यम से बाघमारा सीओ को अवगत कराया कि चरकीटांड मैनाचापड़ी स्थित सिंगड़ा मौजा में सात एकड़ 10 डिसमिल गैराबाद खाते की भूमि है जिसपर चरकीटॉड़ मैनाचापड़ी ग्राम निवासी छुटन रजक जबरन अतिक्रमण करते जा रहा है। इससे स्कूल के बच्चों को आवागमन एवं खेलकूद करने में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने स्कूली बच्चों को अतिक्रमणकारीयों द्वारा गाली-ग्लौज करने का भी आरोप लगाया हैं। इस संबध में मुखिया ने बताया कि उक्त भूमि की मापी व जांच पड़ताल के लिए अंचल कार्यालय से सीओ के आदेश पर आमीन व कर्मचारी पहुंचे थे। लेकिन अतिक्रमण करने वाले लोगों ने मापी का विरोध करते हुए उनके साथ गाली-गलौज की। जिस कारण जांच टीम को बैरंग ही वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि महुदा पुलिस व जांच टीम द्वारा संबंधित भूमि का कागजात दिखाने को कहा गया लेकिन उन लोगों से कागजात भी नहीं दिखाए और लगातार जबरन निर्माण कार्य करते रहे। इधर, सीओ बाल किशोर महतो से फोन पर मामले को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## फुटपाथी दुकानदारों के लिए केंद्र सरकार के स्ट्रीट वेंडर एक्ट को लागू करें प्रबंधन : अमित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के ठेका मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, फुटपाथ दुकानदारों, विस्थापितों सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद से शुक्रवार को प्रशासनिक भवन में जाकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राजन प्रसाद से बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गैर विवादित भूमि उपलब्ध कराने, ठेका मजदूरों को मेडिकल के नाम पर छंटनी नहीं करने, राउरकेला स्टील प्लांट की तर्ज पर स्थानीय सभी इच्छुक छात्रों को अप्रेंटिस का प्रशिक्षण देने, चतुर्थ श्रेणी के पदों के विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं के लिए पूर्व की भांति आरक्षित करने, झुग्गी-झोपड़ी एवं खटाल वासियों को उचित दर पर बिजली और पानी का कनेक्शन देने, फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस पर गुमटी आवंटित कर केंद्र सरकार के स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत स्थायीकरण करने एवं उसमें विस्थापितों को प्राथमिकता देने आदि की मांग की। इस मौके पर नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, युवा भाजपा नेता करण गोराईं, लालबाबू, चंद्रप्रकाश आदि उपस्थित थे।

# गोमिया की समस्याओं का प्रमुखता से करूंगा निदान: मंत्री योगेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता एवं उत्पाद मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से शुक्रवार को झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता जीवन रजवार ने अपने सहयोगियों के साथ शिस्टाचार मुलाकात की। इसस दौरान पचमो पंचायत सहित पूरे झारखंड में उत्तरोत्तर विकास की आशा व्यक्त करते हुए मंत्री बनने की बधाई दी।



मंत्री योगेंद्र प्रसाद का स्वागत करते झामुमो नेता-कार्यकर्ता।

इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि गोमिया प्रखंड के पचमो पंचायत की समस्या को ऑन द स्पॉट निवारण करेंगे। हर सुख-दुख में दिन रात एक आवाज में खड़े होकर साथ निभाएंगे। कहा कि गोमिया की जनता के भारी समर्थन -आशीर्वाद के कारण ही वे जीत सके और आज मंत्री बने हैं। इसलिए गोमिया प्रखंड के साथ ही पूरे झारखंड में पांच साल के कार्यकाल में ईमानदारी एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करूंगा। इस मौके पर राजकुमार साव, अशोक महतो, जीवन रजवार, धनेश्वर रंजन, किशोर महतो, आकाश करमाली और संतोष कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## विस में उठाऊंगा शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की बात : शत्रुघ्न महतो



**महुदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के समग्र शिक्षा परियोजना की ओर से महुदा स्थित रा. मध्य विद्यालय राधानगर में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो व धनबाद जिप अध्यक्ष शारदा सिंह उपस्थित हुए। अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं के बीच बैग समेत निःशुल्क किताब-कॉपी का वितरण किया। साथ ही सीएसआर के तहत कोल इंडिया द्वारा प्रदत आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम का भी संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न महतो ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि इस युग में यदि इंसान शिक्षित नहीं हुआ तो उसका जीवन बेकार हैं। शिक्षित होना बेहद जरूरी है। इस बीच उन्होने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की बात विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। इधर, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। शिक्षा उन गुणों का विकास करती है जो एक व्यक्ति को समाज में सफल बनाती हैं।


## समाहरणालय, लातेहार
### (भू–अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना
(देखें नियम 6 का उप–नियम(1)

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक–07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतुS.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–रेंची चादर–I में भूमि का रकबा–**105.50**एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–रेंची अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–रेंची चादर–I थाना नं0–248 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चनदवा जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | रेंची चादर –I | 2 | 81 | टांड़ दो | 0.04 | 0.04 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 20 | रेंची चादर –I | 2 | 82 | टांड़ दो | 0.47 | 0.47 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– घनु महतो दक्षिण– निज |
| 21 | रेंची चादर –I | 2 | 83 | टांड़ दो | 0.12 | 0.12 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 22 | रेंची चादर –I | 2 | 84 | टांड़ दो | 0.15 | 0.15 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– खिरा उरांव |
| 23 | रेंची चादर –I | 2 | 101 | धान दो | 0.43 | 0.43 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– वुटा उरांव दक्षिण– निज |
| 24 | रेंची चादर –I | 2 | 102 | खलिहान | 0.03 | 0.03 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– दक्षिण– |
| 25 | रेंची चादर –I | 2 | 109 | धान दो | 0.26 | 0.26 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– खिरा उरांव दक्षिण– वुद्धू महतो |
| 26 | रेंची चादर –I | 2 | 133 | टांड़ दो | 0.25 | 0.25 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शास | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज |
| 27 | रेंची चादर –I | 2 | 134 | धान एक | 3.00 | 3.00 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– शांति देवी |
| 28 | रेंची चादर –I | 2 | 136 | धान दो | 0.75 | 0.75 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– खिरा उरांव |
| 29 | रेंची चादर –I | 2 | 139 | धान एक | 0.82 | 0.82 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– वापुराम उरांव |
| 30 | रेंची चादर –I | 2 | 142 | टांड़ दो | 0.85 | 0.85 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– रास्ता दक्षिण– वुद्धू महतो |
| 31 | रेंची चादर –I | 2 | 143 | टांड़ दो | 0.85 | 0.85 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– विकाई उरांव दक्षिण– मोहन उरांव |
| 32 | रेंची चादर –I | 2 | 144 | टांड़ दो | 0.84 | 0.84 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– खिरा उरांव दक्षिण– मोईन उरांव |
| 33 | रेंची चादर –I | 2 | 155 | धान दो | 0.52 | 0.50 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– करमा उरांव दक्षिण– निज |
| 34 | रेंची चादर –I | 2 | 156 (P) | टांड़ दो | 2.94 | 2.18 | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | अलियार महतो वो धलू महतो, पिता–गुजरा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व नेमा महतो वो राजे महतो वो उमा महतो, पिता–लाला महतो एक अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व फुलो, पति सुखारी महतो दो अंश, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन। व वुद्ध महतो वो बिहारी महतो, पिता कोल्हा महतो दो अंश समान, जाति उराँव, निवासी निजग्राम पत्रालय शासन | उत्तर– निज दक्षिण– वापूराम उरांव |
| 35 | रेंची चादर –I | 3 | 25 | टांड़ दो | 0.45 | 0.45 | अलियार उरांव, पिता गुजरा उरांव, जाति उराँव, निवासी निजग्राम, टोला नवा टोली पत्रालय शासन | अलियार उरांव, पिता गुजरा उरांव, जाति उराँव, निवासी निजग्राम, टोला नवा टोली पत्रालय शासन | उत्तर– टिवरा उरांव दक्षिण– परती |
| 36 | रेंची चादर –I | 4 | 154 | धान एक | 0.36 | 0.36 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– वापुराम उरांव दक्षिण– अलियार महतो |
| 37 | रेंची चादर –I | 4 | 195 | धान एक | 0.60 | 0.60 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– मोहना उरांव दक्षिण– शांति देवी |
| 38 | रेंची चादर –I | 4 | 239 | धान एक | 0.49 | 0.11 | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | कन्दना उरांव, पिता–रती उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– टिवरा उरांव दक्षिण– अलियार महतो |
| 39 | रेंची चादर –I | 7 | 5 | धान दो | 0.47 | 0.47 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– गोपाल सिंह दक्षिण– कलेया उरांव |
| 40 | रेंची चादर –I | 7 | 6 | धान दो | 0.20 | 0.20 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– कलेया उरांव दक्षिण– कलेया उरांव |
| 41 | रेंची चादर –I | 7 | 7 | टांड़ दो | 1.13 | 1.13 | कलेया उरांव, पिता–बगआ उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम पत्रालय शासंग | कन्दरा उरांव, पिता–तेतरा उरांव, जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम, पत्रालय शासन | उत्तर– कलेया उरांव दक्षिण– बुद्धू उरांव |
| 42 | रेंची चादर –I | 13 | 4 | धान दो | 0.11 | 0.11 | गोपाल सिंह, पिता–कन्नी सिंह, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निजग्राम टोला डुमरटोली पत्रालय ब्राहमनी (शांसन) | गोपाल सिंह, पिता–कन्नी सिंह, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निजग्राम टोला डुमरटोली पत्रालय ब्राहमनी (शांसन) | उत्तर– परती दक्षिण– केलिया उरांव |
| 43 | रेंची चादर –I | 13 | 283 (P) | धान दो | 0.23 | 0.21 | गोपाल सिंह, पिता–कन्नी सिंह, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निजग्राम टोला डुमरटोली पत्रालय ब्राहमनी (शांसन) | गोपाल सिंह, पिता–कन्नी सिंह, जाति–देशवारी छत्री, निवासी–निजग्राम टोला डुमरटोली पत्रालय ब्राहमनी (शांसन) | उत्तर– नमीमंद उरांव दक्षिण– वैधनाथ साह |
| 44 | रेंची चादर –I | 15 | 40 | टांड़ दो | 1.47 | 1.47 | चरवा उरांव वो मंगा उरांव, पिता–सेड़ा उरांव, अंश समान जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग | चरवा उरांव वो मंगा उरांव, पिता–सेड़ा उरांव, अंश समान जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग | उत्तर– पांडु उरांव दक्षिण– रास्ता |
| 45 | रेंची चादर –I | 15 | 41 | मकान मय सहन | 0.02 | 0.02 | चरवा उरांव वो मंगा उरांव, पिता–सेड़ा उरांव, अंश समान जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग | चरवा उरांव वो मंगा उरांव, पिता–सेड़ा उरांव, अंश समान जाति–उराँव, निवासी–निजग्राम टोला नावाटोली पत्रालय शांसग | उत्तर– दक्षिण– |

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 341891 Land Reforms(24-25).D

# महाकुंभ मेले की ओर आस्था की रेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** महाकुम्भ-यानि धरती पर आस्था के सबसे बड़े संगम को सफल बनाना और तीर्थयात्रियों की सेवा करना भारतीय रेल की पुरानी परंपरा है। इसी परंपरा को एकबार फिर चरितार्थ करते हुए अपने हजारों कर्मयोगियों के साथ भारतीय रेल जुटा हुआ है। भारतीय रेल ने 2 वर्षों में करीब 5000 करोड़ से अधिक खर्च कर कुंभ की तैयारियों को और पुख्ता बनाने की कोशिश की है।



## प्लेटफॉर्म और कई नये निर्माण

महाकुंभ के दौरान जिले के सभी स्टेशनों (प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूसी) पर यात्रियों की बड़ी तादात होगी। जिन्हें संभालने के लिए स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म और प्रयागराज रुट में नई रेल लाइनें भी बिछाई जा रही है। यात्री शेल्टर और वेटिंग रुम का निर्माण किया गया है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सभी शेल्टर में शौचालय, खानपान स्टॉल, उद्घोषणा और पूछताछ डिस्प्ले आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं से सपंत्र हैं। इसके साथ ही लगेज ट्रॉली बुकिंग, व्हील चेयर सेवा, टैक्सी और होटल बुकिंग आदि जैसी आवश्यकताओं में यात्रियों की सहायता के लिए स्टेशनों पर 'मेय आइ हेल्प यू' बूथ भी खोले जा रहे हैं।

## पूरे प्रोजेक्ट की हो रही निगरानी

कुंभ के लिए एक वृहत ब्लू प्रिंट बनाते हुए भारतीय रेल ने 933.62 करोड़ की लागत से बुनियादी ढांचों को मजबूत किया। इसके साथ ही 494.90 करोड़ की लागत से यात्री सुविधाओं में वृद्धि की गई और 438.72 करोड़ की लागत से आवागमन सुलभ बनाने के लिए ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया। साथ ही गंगा पर नए पुल का भी निर्माण किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने खुद पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी की और समय समय पर जरुरी दिशा निर्देश दिए।

## यात्री सेवा में 13 हजार ट्रेनें

महाकुंभ के दौरान करोड़ों यात्रियों के सफर के लिए भारतीय रेल 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगी, जिनमें 3,134 विशेष गाड़ियां शामिल हैं। ये गाड़ियां यात्रियों की जन सैलाब को संभालने और उनकी यात्रा को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। साथ ही शॉर्ट तथा लॉन्ग डिस्टेन्स मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो सके। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए टिकटिंग काउंटर, पूछताछ बूथ और डिजिटल सूचना प्रणाली को भी हाइटेक किया गया है।

हर दिन मिल सकेंगे लाखों टिकट सभी स्टेशनों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस), स्वचालित टिकट वैडिंग मशीन (एटीवीएम) सहित कुल 542 टिकटिंग पॉइंट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इनमें प्रयागराज जंक्शन पर ही 132 काउंटर बनाने की योजना बनाई गई है। ये सभी काउंटर प्रतिदिन लगभग 9,76,000 टिकट प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार प्रति टिकट दो यात्रियों के हिसाब से प्रतिदिन लगभग 19,52,000 यात्रियों को यात्र टिकट उपलब्ध करवाई जा सकती है।

## 21 नये आरओबी, आरयूबी बनाये गये

कुम्भ के दौरान जिले में करोड़ों की संख्या में भक्तजनों का आवागमन होगा। इस दौरान किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए 21 नए रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इससे लेवल क्रॉसिंग तो खत्म होगी ही साथ ही सड़क और रेल दोनों का सफर और अधिक सुरक्षित होगा।

## बहुभाषी सूचना प्रसार

महाकुम्भ के दौरान स्टेशन और मेला क्षेत्र में देश, प्रदेश ही नहीं बल्कि दुनिया भर से भक्तों का जत्था पहुंचता है। जहां उनकी सुविधा के लिए बहुभाषी उद्घोषणा प्रणाली का प्रबंध भी किया गया है। यहां यात्र संबंधी जानकारी घोषणा हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी, तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, बंगाली और उड़िया आदि भाषाओं में की जाएगी।

## रेल हेल्पलाइन नंबर और ऐप

तीर्थयात्रियों की सहायता के कॉल सेंटर बनाये गये हैं। महाकुंभ रेलवे हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर-1800-4199-139 पर रेलवे से जुड़ी हर समस्या के समाधान की कोशिश की जाएगी। जहां 24*7 यानि हर रोज 24 घंटे ऑपरेटर मौजूद होंगे। साथ ही ऑनलाइन मदद करने के लिए कुंभ-2025 मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है।

## हर स्थिति से निपटने की तैयारी

भीड़ कंट्रोल करने के लिए आरपीएफ और आरपीएफएस को प्रयागराज में तैनात किया जा रहा है। स्टेशनों पर यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी स्थिति में क्रॉस मूवमेंट की संभावना न हो। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए स्टेशनों पर प्राथमिक उपचार बूथ और रैपिड एक्शन टीमें भी बनायी जा रही हैं। सभी 9 स्टेशनों का फायर ऑडिट किया गया है। जहां अग्निशामक यंत्र, फायर बॉल, वाटर हाइड्रेट, बाल्टी में पानी/रेत के साथ-साथ फायर टेंडर तैयार रखा गया है। निगरानी के लिए 651 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं। इनमें से करीब 100 कैमरों में असामाजिक तत्वों की पहचान करने के लिए एआई आधारित फेस रिकग्निशन सिस्टम है।

# एसओए ने सहयोगात्मक शैक्षणिक पहल और अनुसंधान के लिए एमआर विश्वविद्यालय के साथ किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को अकादमिक पहल और अनुसंधान दोनों में सहयोगात्मक कार्यक्रम शुरू करने के लिए मल्ला रेड्डी विश्वविद्यापीठ, हैदराबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। मल्ला रेड्डी विश्वविद्यापीठ एक मानद विश्वविद्यालय है, जो चिकित्सा विज्ञान, दंत विज्ञान, नर्सिंग, फार्मास्युटिकल विज्ञान और इंजीनियरिंग में शिक्षा प्रदान करने वाले सात संस्थान चलाता है, जिनमें से तीन संस्थान केवल तेलंगाना में महिलाओं के लिए हैं। जहां तक शैक्षणिक पहल का संबंध है, दोनों विश्वविद्यालय वर्तमान और उभरते उद्योग रुझानों को संबोधित करने में उनकी प्रासंगिकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या को सहयोगात्मक रूप से डिजाइन करेंगे। एसओए और एमआरवी दोनों उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करने और वास्तविक दुनिया की अंतर्दृष्टि और अवसरों के माध्यम से सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ कनेक्शन की सुविधा प्रदान करने के लिए सुसज्जित जानकार शिक्षकों का एक कैडर तैयार करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठायेंगे। दोनों विश्वविद्यालय ग्रहों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और ज्ञान प्रसार के लिए समर्पित केंद्र बनाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे।



अनुसंधान के क्षेत्र में, एसओए और एमआरवी संभावनाओं का पता लगायेंगे और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों से वित्त पोषण के लिए स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल विज्ञान, जीवन विज्ञान, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान क्षेत्रों और इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोगात्मक रूप से अनुसंधान प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, एसओए और एमआरवी ग्रह स्वास्थ्य और प्रासंगिक वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के उभरते क्षेत्र में उद्यमशीलता प्रयासों और अभूतपूर्व समाधानों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देंगे। दोनों विश्वविद्यालय राष्ट्रीय पहल, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ तालमेल सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे, ताकि प्रभाव को अधिकतम किया जा सके।

एमओयू पर एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा और एमआरवी के रजिस्ट्रार डॉ मंथन जनोदिया ने हस्ताक्षर किये। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान मुख्य नवप्रवर्तन अधिकारी डॉ विकास साहू और एमआरवी के अनुसंधान एवं नवप्रवर्तन अधिकारी डॉ एलोजिता राउत उपस्थित थे। एसओए के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन प्रोफेसर सुदाम चंद्र सी और बायोटेक्नोलॉजी में प्रोफेसर प्रोफेसर ई. सुबुद्धि भी उपस्थित थे।

## 11 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के सुखमा जिले से सटे मलकानगिरी जिले में सीआरपीएफ कमांडेंट के सामने 11 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी दक्षिण बस्तर क्षेत्र में सक्रिय थे। माओवादियों की कई हिंसक गतिविधियों में उनकी अहम भूमिका थी। उनका हृदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

# ऊर्जा संरक्षण सप्ताह : वेदांता एल्युमीनियम ने 1.3 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा बचत करने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीइइ) द्वारा शुरू किये गये ऊर्जा संरक्षण सप्ताह को चिह्नित करते हुए भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से अभिनव उपायों के माध्यम से 1.3 मिलियन गीगा जूल (जीजे) ऊर्जा बचत हासिल करने की घोषणा की। कंपनी ने 2021 बेसलाइन के मुकाबले जीएचजी तीव्रता में उल्लेखनीय 10.16% की कमी हासिल की, जिससे यह कार्बन उत्सर्जन को कम करने के वैश्विक प्रयास में अग्रणी बन गयी। अपने संधारणीयता एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने 1.3 गीगावाट अक्षय ऊर्जा की सोर्सिंग की घोषणा की, जो स्वच्छ, अधिक संधारणीय संचालन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

वेदांता एल्युमीनियम ने अपने पॉटलाइन में संधारणीयता और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए कई प्रमुख पहलों को लागू किया है, जहां इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से एल्युमिना से पिघला हुआ एल्युमीनियम बनाया जाता है। इन पहलों में वर्तमान खपत को कम करने, जीएचजी उत्सर्जन को कम करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए ग्रेफि टाइज्ड कैथोड संवर्द्धन स्थापित करना शामिल है। कंपनी ने स्वदेशी रूप से विकसित वेदांता पॉट कंट्रोलर भी तैनात किये हैं, जो एल्युमीनियम के प्रति टन 200-250 केवीएच है, तक ऊर्जा उपयोग को कम करते हैं। इसके अलावा, कंपनी ने जीएचजी उत्सर्जन में कटौती करने और बिजली दक्षता बढ़ाने के लिए अपने बिजली संयंत्रों में विशिष्ट कोयले की खपत को कम किया है।



ऊर्जा-कुशल संचालन को बढ़ावा देने के लिए गलाने की प्रक्रियाओं को अनुकूलित करके, वेदांता एल्युमीनियम अपने व्यापक संधारणीयता लक्ष्यों के हिस्से के रूप में संधारणीय औद्योगिक प्रथाओं को बढ़ावा दे रहा है।

इन गतिविधियों पर टिप्पणी करते हुए वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में, ऊर्जा प्रबंधन हमारी शुद्ध-शून्य यात्रा का केंद्र है। पॉट्स को गलाने के लिए पेटेंट किये गये वेदांता लाइनिंग डिजाइन जैसे नवाचारों और अक्षय ऊर्जा अपनाने का विस्तार करके, हम अपनी दक्षता बढ़ा रहे हैं और कार्बन उत्सर्जन कम कर रहे हैं। वर्ष 2023 के लिए एसएंडपी ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे इस विश्वास को दर्शाता है कि औद्योगिक प्रगति को पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ-साथ चलना चाहिए। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह हरित भविष्य के लिए संधारणीय प्रथाओं को आगे बढ़ाने के हमारे संकल्प की पुष्टि करता है।

ओड़िशा के लांजीगढ़ में अपने रिफाइनरी संचालन में, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ाने के लिए बॉयलरों को उन्नत ग्रेफि टाइज्ड पॉट्स से बदला गया। ओड़िशा के झारसुगुड़ा में अपने स्मेल्टर संचालन में, कंपनी ने कैथोड वोल्टेज ड्रॉप को सफलतापूर्वक कम किया और पॉट्स में वोल्टेज ड्रॉप (वीएलडी) उपायों को लागू किया, जिससे प्रदर्शन और ऊर्जा दक्षता दोनों में सुधार हुआ। इसी तरह, छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित बाल्को स्मेल्टर में कैथोड रीलाइनिंग और ग्रेफाइटाइजेशन पहल को क्रियान्वित किया गया, जिससे पूरे संयंत्र में ऊर्जा दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके अलावा कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम ने अपने परिचालन में एक व्यापक ऊर्जा दक्षता प्रशिक्षण पहल को लागू किया है। विभिन्न जागरूकता पहलों के माध्यम से अपने व्यापक कर्मचारी आधार को जोड़कर, कंपनी ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए ऊर्जा उपयोग को अनुकूलित करना चाहती है।

एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में वेदांता एल्युमीनियम प्रथम स्थान पर है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर्स, एल्युमीना रिफाइनरी और विद्युत संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए भविष्य की धातु के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना
विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें
मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा सं.- ईएल/28/खुली/2024-25. क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के भवनों के छत पर सौर संयंत्र का प्रावधान। (कार्य समापन की अवधि - नौ माह) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रू. 13,52,05,262.24 (3) बीड सिक्युरिटि : रू. 8,26,000/- (4) बीड मूल्यांकन प्रणाली : दो पैकेट प्रणाली।(5) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : तकनीकी बिड बंद होने की तिथि: दिनांक 02.01.2025 को 11.00 बजे। तकनीकी बिड खुलने की तिथि : दिनांक 02.01.2025 को 11.30 बजे। ई निविदा सं.- ईएल/29/खुली/ 2024-25. क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल के विभिन्न सेवा भवनों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रावधान। (कार्य समापन की अवधि - नौ माह) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रू. 8,33,45,709.60 (3) बीड सिक्युरिटि : रू. 5,66,700/- (4) बीड मूल्यांकन प्रणाली : एक पैकेट प्रणाली। (5) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई निविदा बंद होने की तिथि: दिनांक 02.01.2025 को 11.00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 02.01.2025 को 11.30 बजे के बाद। (6) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद
पीआर/1685/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/24-25/48

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलबध
• बाईपास सर्जरी / ओपन हार्ट सर्जरी
• हृदय वाल्व की रिपेयर या रिप्लेसमेंट
7808368888 www.asarfihospital.com

50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD SILVER DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
91 9955526560
91 9431143722

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
VERMA PRESS PVT. LTD.

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21